तेरापन्थ-आचार्य चरितावलि

खण्ड १

सम्पादक :

श्रीचन्द् रामपुरिया, बी० कॉम० बी० एल०

तेरापन्थ द्विशताब्दी समारोह के अभिनन्दन
में प्रकाशित

प्रकाशक
जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा
३ पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट,
कलकत्ता—१

प्रथमावृत्ति :
सन् १९६१
सं० २०१८

प्रति संख्या :
१५ ०

पृष्ठांक :
२६८

मूल्य
छह रुपये

मुद्रक :
रेफिल आर्ट प्रेस
कलकत्ता—७

प्रकाशकीय

तेरापन्थ सम्प्रदाय के वर्तमान अधिनायक आचार्य श्री तुलसी गणि के धवल-समारोह का प्रथम चरण भाद्र शुक्ल नवमी के दिन पड़ता है। भाद्र शुक्ल त्रयोदशी का दिन आचार्य भिक्षु का पर्यवसान दिवस है। यह कृति इन दो अवसरों के संगम पर प्रकाशित होकर दोनों महापुरुषों के महान कृतित्व के प्रति अपनी सम्पूर्ण श्रद्धासपूत-श्रद्धांजलि उपस्थित करती है।

इस प्रकाशन के साथ आचार्य चरित माला का द्वितीय ग्रंथ पाठकों के हाथों में पहुँचता है। अब हम अदूरभविष्य में ही तीसरे खण्ड द्वारा अवशिष्ट आचार्यों के जीवन-चरित उपस्थित करने में समर्थ हो सकेंगे।

आचार्य भिक्षु अपने युग के ही नहीं पर सर्व युगों के महान युगपुरुष हैं। इस खण्ड द्वारा उनकी जीवन-विषयक विस्तृत सामग्री पाठकों को सुलभ होती है। आशा है इसके अध्ययन का परिणाम हिन्दी में स्वामीजी की सर्वाङ्गीण सुन्दर जीवनी के प्रकाशन के रूप में प्रकट होगा।

श्रीचन्द रामपुरिया
व्यवस्थापक
तेरा० द्विशताब्दी साहित्य-विभाग

३ पोर्चुगीज चर्च स्ट्रीट
कलकत्ता—१
भाद्र शुक्ला १२ १८

भूमिका

'तेरापंथ आचार्य चरितावलि' के इस प्रथम खण्ड में तेरापंथी सम्प्रदाय के आदि आचार्य स्वामी भीखणजी के निम्नलिखित चार जीवन-चरित संग्रहीत हैं :

१—भीखु चरित (मुनि श्री हेमराजजी कृत)
२—भीखु चरित (मुनि श्री वेणीदासजी कृत)
३—भिक्खु जश रसायण (चतुर्थ आचार्य श्री जीतमलजी स्वामी कृत)
४—लघु भिक्खु जश रसायण (चतुर्थ आचार्य जीतमलजी स्वामी कृत)

हम नीचे क्रमशः उनका संक्षिप्त परिचय दे रहे हैं :

१ भीखु चरित

(१) रचयिता का गृही जीवन

इस कृति के रचयिता मुनि हेमराजजी भीखणजी स्वामी के स्वहस्त-दीक्षित शिष्य थे । दीक्षा-क्रम में आपका स्थान पैंतीसवाँ है । आपका कुछ परिचय 'तेरापंथ आचार्य चरितावलि' के द्वितीय खण्ड की भूमिका में दिया जा चुका है[१] । लेखक की 'आचार्य संत भीखणजी' नामक पुस्तक में भी आपकी संक्षिप्त जीवनी प्रकाशित है ।

चतुर्थ आचार्य श्री जीतमलजी स्वामी रचित 'हेम नवरसो' में आपका विस्तृत जीवन-चरित राजस्थानी भाषा में संगीत-बद्ध है । 'तेरापंथ आचार्य चरितावलि' के द्वितीय खण्ड में प्रकाशित आचार्य भारीमालजी आचार्य रायचन्दजी और आचार्य जीतमलजी के राजस्थानी पद्यात्मक बखाणों में आपके अनेक संस्मरण गुंफित हैं । इसी तरह 'भिक्खु दृष्टान्त' नामक पुस्तक में भी आपके कई संस्मरण प्राप्त हैं[२] । आचार्य जीतमलजी स्वामी कृत 'शासन विलास' में भी आपके विषय में महत्त्वपूर्ण उल्लेख है । प्रस्तुत खण्ड में प्रकाशित 'भिक्खु जश रसायण' नामक कृति में आपका गुणात्मक परिचय मिलता है । प्रसंगवश हम यहाँ आपका चरित कुछ विस्तार से दे रहे हैं :

(१) प्रव्रज्या से पूर्व का जीवन : आपका जन्म सं० १८२९ की माघ शुक्ला १३ शुक्रवार के दिन पुष्य नक्षत्र में आयुष्मान योग में सिरियारी में हुआ था[४] । आपके पिता का नाम आमरोजी आंगरेचा था और माता का नाम सोमाजी ।

१—देखिए भूमिका पृ० क से ड
२—देखिए पृ० ६६-७१
३—दृ० १४४ १६१ १७६ २७२ २७३
४—देखिए ढाल ९८ गा० १-२
५—आप गर्भ में आए उस समय जो कल्पना की उसके लिए देखिए हेमनवरसो १ १ ३ ; तथा आचार्य संत भीखणजी पृ० ६८

आपकी एकमात्र छोटी बहिन का नाम रत्तूजी था। भाई-बहिन दोनों में परस्पर बड़ा स्नेह था। हेमराजजी कैसे स्नेही भाई थे इसकी एक घटना 'भिक्खु दृष्टान्त' में इस प्रकार मिलती है : रत्तूजी को मामा ननिहाल ले गये। हेमराजजी का मन नहीं लगा। उन्होंने स्वामीजी से कहा— 'मन में होता है कि अभी सवार को भेज बहन को वापस बुला लूं।' स्वामीजी बोले— 'संसार के सुख ऐसे ही अस्थिर होते हैं। संयोग में वियोग होता है'।[1] हेमराजजी का मन शान्त हुआ।

आप जन्म से ही धर्म-संस्कार-सम्पन्न थे। आपकी वृत्तियाँ सहज शान्त और वैराग्य युक्त थीं। बचपन से ही बड़े दृढ़धर्मी थे। रोज सामायिक करते। साधु-संतों के प्रति बहुमान की भावना रखते। आपका तात्त्विक ज्ञान बड़ा गंभीर था। आप बड़े निर्भीक धर्मवादी थे। जहाँ जाते लोगों को धर्मबोध देते। आपमें ये गुण अति प्रचुर मात्रा में विद्यमान थे। आपके गृहस्थ-जीवन का चित्रण निम्न रूप में प्राप्त है :

धर्म ध्यान आपरे बधिया थी कांई सखिया पद लड़ा हुवा किया परनारी रा पचखाण।
सन्त सत्यां री सेवा थी नितनेम सामायक करे, बहु पाप तणो भय जाण॥
सौम्य मुद्रा हद प्यारी थी सुखकारी हेम मुनीश्वर॥
तत्त्वविद्या बुद्धि भारी थी सिरदारी हेम तणी भणी कांई धर्मवादी जाण।
कंठकला अधिकारी थी समझावे नर नारी भणी कांई बांचे सरस बखाण॥
विनय करणें जाव थी पाली मिलावे पाटि दे, कांई त्यां पिण दे उपदेश।
चरचा करनें समझाव थी मधरावे घट श्रावक तणा भावे वाल दया री रेस॥
करे भेषधारयां सूं चरचा थी कांई बालक नहिं आवनें विविध न्याय री जोम।
इम पावंचा में हटाव थी सुण जाव न पावे टेहरनें ते सुणिया पचरस हेम॥
सुवनीतपणे सुखदाई थी नरमाई हेम तणी भणी कांई भिक्षु सूं बहु प्रेम।
त्यांरो विरहो खमणो अति दोरो थी नहीं सोरी संघ वधु बाड़को कांई हिये निरमला हेम[2]॥

(२) प्रतिबोध और प्रव्रज्या पन्द्रह वर्ष की अवस्था में आपने आजीवन पर-स्त्री-त्याग व्रत ग्रहण किया। आपका हृदय वैराग्यमय भावनाओं से स्निग्ध था। प्रव्रज्या ग्रहण करने की भावना भी रखते थे। इसे और भी मजबूती करने की इच्छा से सं० १८५१ में स्वामीजी ने पाली में चातुर्मास न कर सिरियारी में किया पर हेमराजजी ने अपना निश्चित अभिमत व्यक्त नहीं किया। केवल विचार ही विचार में तीन वर्ष व्यतीत कर दिये। सं० १८५३ में आपने स्वामीजी से प्रतिबोध पा यावज्जीवन विवाह न करने का व्रत ग्रहण किया और साधु प्रतिक्रमण सीखने लगे[3]।

१—भिक्खु दृष्टान्त : दृ० २५८ पृ० ११
२—हेम नवरसो १।६।१
३—प्रतिबोध की घटना के लिए देखिए—'तेरापंथ आचार्य चरितावलि' (भि० च०) भूमिका पृ ७-८।

आपकी दीक्षा सं० १८५३ की माघ शुक्ला त्रयोदशी बृहस्पतिवार के दिन पुष्य नक्षत्र और आयुष्यमान योग में सिरियारी में सम्पन्न हुई। उस समय आप चौबीस वर्षीय नवयुवक थे। दीक्षा और उसके पूर्व जो घटनाएँ घटीं उनका वर्णन इस प्रकार है :

बरामी बगड़ो बध्यो सुखकारी रे, हेम हुआ हुंसियार हेम सुखकारी रे।
माहा सुद तेरस दिन भलो गु दीक्षा महोत्सव सार॥
बाबारो बेटो भाई रायचंद गु, बाय पुकारयो ताय।हेम०।
भिक्षु नें कहवायियो गु, भटी हरख्यो नगरी मांय।हेम ॥
गाम रा पंच भेला थई गु हेम भणी ले साथ।हेम०।
ठुकराणी पासे गया गु कही दीक्षा री बात॥हेम ॥
वस्त्र गहणा सहित देखी हेम ने आपण्या रे, ठकराणी बोली बाय के।मा ।
दौलतसिंघ री सूंस है मा मुं का मुं देस्यूं परणाम के।मा ॥
जब हेम जाब दीधो इसो मा थांरो परणवा रो पेम के।मा ।
पाम में कंवारा बणा मा० म्हारे परणवा को नेम के।मा ॥
इम कही हेम पाछा वली मा आय बैठा स्वामी पास के।मा ।
पाम में रहिवा री मागन्या मा पंच लेई आया तास के॥मा ॥
माघ सुद पुनम पछ मा० छःकाम हणवा रा त्याग के।मा ।
हेम ने नेम पहले हुंतो मा कीधो आज बैराग के।मा ।
त्यांतिला कही बहिन परनाय ने मा पछ लीज्यो संजम भार के।मा ।
घायो फागण वदी बीज रो मा दिन हेम न आणी भिमार के।मा ॥
पछ त्यांतिला हठ कीधो घणो मा जब हेम किय्यो अंगीकार के।मा ।
पूज भणी कह्यो आयनें मा स्वामी निषेध्यो तिवार के।मा ॥
रे भोला अणच करे मा दिवस न लंघणो एक के।मा ।
त्यांतिला पोतिसा मझे मा ए छन्द मांही म्हारे विशेष के।मा ॥
हेम समझ पाछा आयनें गु कही त्यांतिला में एम के।हेम ।
हूं कह्यो न मानूं थेहनो गु थ तो भंगायो नेम के॥हेम ॥
तेरस दिन उलंघूं नहीं मा थे म्हांने करो बकवास के।मा ।
लोक हंसी मे इम कही मा थांने भीखणजी दिया भरमाय के।मा ॥
इकवीस दिवस रे आसरे मा जिम्या बनोला ठाम के।मा ।
दीक्षा महोत्सव दीपतो मा मंडिया बहु मण्डाप के।मा ॥
हजारां लोक भेला हुआ मा बड़ तले दीक्षा विचार के।मा ।
स्वाम भिक्षु स्व हाथ सूं मा स्वमुख संयम भार के।मा ॥

संवत् अठारे तेपने मा० महा सुदि तेरस जाम के। मा०।
पूरुसउवार बलाणिये मा पुष्य नक्षत्र बखाण के। मा ॥
मानुभाव जोग आयो भलो मा हुइ दीक्षा मुनि हेम के। मा०।
जय २ जय धन उचरे मा पाम्या अधिको प्रेम के। मा० ॥
बारे वर्ष आसरे हुंता मा स्वाम भिक्खू रे शोध के। मा०।
हेम हुआ संत तेरमा मा यो पद कह्यो नहीं केम के[1]। मा ॥

(३) चातुर्मासों का ब्यौरा दीक्षा के बाद आप चार चातुर्मास में स्वामीजी के साथ थे। स्वामीजी की आज्ञा के अनुसार पाँचवां चातुर्मास मुनि वेणीरामजी के साथ किया। आपके गुणों को देखकर स्वामीजी ने सं १८५८ में आपको सिंघाड़पति बनाया।

गुण बुद्धि कंठकला भली भिक्खु देखी भारी हो।
कियो सिंघाड़ो हेम नो जाण्या महा उपगारी हो ॥

आपके साधु-जीवन के कुल ५१ चातुर्मासों का ब्यौरा इस प्रकार है :

१—खेरवे २ १८५४ (स्वामीजी के साथ) ६७
२—पाली ११ १८५५,६१ ६६,७१ ७५,८ ८५,८९,९२,९५,९८
३—श्रीजीद्वार ४ १८५६,८७ ९९ ० १९०३
४—पुर ४ १८५७ ५८ (मुनि वेणिरामजी के साथ) ८४ १९०१
५—पिसांगण १ १८६
६—कैंटालिया १ १८६२
७—कंटालिया २ १८६३ ७२
८—सिरियारी ४ १८५९,६५,७३ ९७
९—बालोतरे २ १८६८ ९१
१०—कृष्णगढ़ १ १८६९
११—इन्द्रगढ़ १ १८७०
१२—गोगुंदे ४ १८७४ ८२,८८,९९
१३—देवगढ़ २ १८६४ ७६
१४—उदयपुर २ १८७७ १९ २
१५—आमेट १ १८७८ ८३ १९ ४
१६—पीपाड़ ५ १८७६,८६,९ ९३ ९६
१७—जयपुर १ १८८१
१८—लाडनूं १ १८९४

1—हेम नवरसो १ १-१८ ११
2—हेम नवरसो १ ७

(४) सिंघाड़पति के रूप में : सिंघाड़पति के रूप में आपमें कुशल नेतृत्व दिखाई पड़ता है। आप दूरदर्शी और साहसी थे। मरूधर, मारवाड़, हाड़ोती और ढूंढाड़ इन चार प्रदेशों में आपने गुरु आज्ञा से भ्रमण किया। आपके द्वारा निम्नलिखित १४ दीक्षायें सपन्न हुइ :

१—सं० १८६१ के पाली चातुर्मास के बाद फाल्गुन में वैरागी संत जीवनजी की।

२—सं० १८६६ में पाली चातुर्मास में तपस्वी संत पीथलजी की। आपने पत्नी छोड़कर दीक्षा ली थी।

३—स० १८७३ मार्गशीर्ष वदि पचमी के दिन लाहुवा में मुनि रतनचंदजी की। आपकी पत्नी ने भी साथ ही दीक्षा ग्रहण की।

४—उसी दिन तपस्वी सत अमीचदजी की। आपने पुत्र और पत्नी को छोड़कर दीक्षा ग्रहण की थी।

५—सं १८७१ में सामगांव में सती मन्दूजी की। आपको गृहस्थ के वस्त्रों में रहते हुये ही दीक्षा दी गई। दीक्षा के बाद आपने गृहस्थ-वस्त्रों को उतारा।

६—सं १८७६ के देवगढ़ के चातुर्मास में तपस्वी संत कर्मचदजी की। आपने माता-पिता को छोड़कर दीक्षा ली थी।

७—उपर्युक्त चातुर्मास में ही सत रतजी की। आपने पत्नी छोड़ कर दीक्षा ग्रहण की।

८—उपर्युक्त चातुर्मास में ही संत सिवजी की। आपने भी पत्नी छोड़कर दीक्षा ग्रहण की।

९—सं० १८७७ के चातुर्मास के बाद गोघुन्दा म वसंत पचमी के दिन सत सतीदासजी की।

१०—स० १८८१ में सत उत्तमचंदजी की। आप सौंवार वादी थे। आपने स्त्री-पुत्र छोड़कर दीक्षा ग्रहण की थी।

११—इसी वर्ष उदयपुर में मुनि उदयचन्दजी (बड़े) की।

१२—सं १८८५ में पाली चातुर्मास में मुनि मोतीजी की।

१३—सं १९ २ के चातुर्मास के बाद ब्यावर में मुनि हुपचदजी की। आपने माता-पिता भाई-बहन को छोड़कर दीक्षा ग्रहण की थी। आपकी दीक्षा आभूषणों सहित हुई। दीक्षा के बाद आपने आभूषणों का त्याग किया।

(५) सिंघाड़े की विशिष्ट तपस्याए आपके सिंघाड़े में तपस्याए भी बड़ी-बड़ी होती रहीं। उनका विवरण इस प्रकार है :

१—सं १८६२ म जैतारण चातुर्मास में मुनि जीवनजी ने २२ दिन की तपस्या की। बाईसवें दिन सथारा किया। १७ दिन का सथारा आया। इस तरह ३९ दिन की तपस्या हुई।

२—स १८६४ म देवगढ़ चातुर्मास म सत सुखजी ने सथारा किया। दस दिन का अनशन आया।

३—सं० १८६६ में पाली चातुर्मास में मुनि मोपजी ने ५८ दिन की उदकागार तपस्या की। पारण के बाद मुनि हेमराजजी के चरण पकड़कर आपने यावज्जीवन सथारा कराने का अनुरोध किया। चार पहर का संथारा आया।

४—सं० १८७० के देवगढ़ चातुर्मास में मुनि रामजी अष्टम भक्त तप में परलोक सिधारे।

५—सं० १८७१ के शेषकाल में नानजी चोले की तपस्या में दिवंगत हुए।

६—सं० १८७४ गोगुंदा चातुर्मास में मुनि पृथ्वीराजजी ने ८२ दिन की तपस्या की। मुनि पीथलजी (लघु) ने ४५ दिन मुनि शोभराजजी ने ८६ दिन मुनि सरूपचन्दजी ने १४ दिन और मुनि भीमराजजी ने १२ दिन की तपस्या की।

७—सं० १८७५ के पाली चातुर्मास में मुनि पृथ्वीराजजी ने ७१ दिन और मुनि पीथलजी (लघु) ने ३६ दिन की तपस्या की। मुनि सरूपचन्दजी और जीतमलजी ने भी ४२।४२ उपवास किये।

८—सं० १८७६ के देवगढ़ चातुर्मास में मुनि पीथलजी ने १०९ दिन का तप किया।

९—सं० १८७७ के उदयपुर चातुर्मास में मुनि वर्द्धमानजी तपस्वी ने भोजन के आगार से १४ दिन की तपस्या की।

१०—सं० १८७८ के आमेट चातुर्मास में मुनि पृथ्वीराज ने ९९ दिन की तपस्या की।

११—१८८५ के आमेट चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी ने मास-मास क्षमण का तप किया। मोतीजी मुनि ने आछ आगार से ७९ दिन का तप किया।

१२—सं० १८८६ में पिपाड़ में उदयचन्दजी ने आछ आगार से एक मास का तप किया। मुनि दीपजी ने आछ आगार से १८९ दिन का तप किया।

१३—सं० १८८७ में दीपचन्दजी स्वामी ने जल के आगार से ३१ दिन का तप किया और उदयचन्दजी ने एक मास का।

१४—सं० १८८८ गोगुंदे के चातुर्मास में सर्व मुनि उत्तमचन्दजी उदयचन्दजी और दीपचन्दजी ने क्रमशः ३४ ३७ और ४५ दिन की तपस्यायें कीं।

१५—सं० १८९० में पिपाड़ में उदयचन्दजी ने मास क्षमण का तप किया।

१६—सं० १८९२ के पाली चातुर्मास में वैयावृत्य करते हुए मुनि उदयचन्दजी ने ३ दिन की तपस्या की।

१७—सं० १८९३ के पिपाड़ चातुर्मास में वैयावृत्य करते हुए मुनि उदयचन्दजी ने ४१ दिन की तपस्या की।

१८—सं० १८९४ के लाडनूं चातुर्मास में मुनि रामजी ने तीस दिन की तपस्या की और वैयावृत्यी मुनि उदयचन्दजी ने जल के आगार से ३७ दिन की।

१९—सं० १८९५ के पाली चातुर्मास में मुनि रामजी ने ४१ दिन का तप किया। मुनि उदयचन्दजी ने उदकागार से ३ दिन की तपस्या की।

२०—सं० १८६६ के पिपाड़ चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी ने जल के आगार से २० दिन की तपस्या की।

२१—सं० १८९७ के सिरियारी चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी और मुनि अनूपचन्दजी ने जल के आगार से ५० दिन की तपस्या की।

२२—सं० १८९८ में पाली चातुर्मास में मुनि सतीदासजी ने आछ आगार से ३१ दिन की तपस्या की और मुनि उदयचन्दजी ने २१ दिन की।

२३—सं० १८९९ में गोगुंदे चातुर्मास में संत भैरजी ने २१ दिन और मुनि उदयचन्दजी ने जल के आगार से ३० दिन की तपस्या की।

२४—सं० १९०० में पीपाड़ द्वार चातुर्मास में मुनि भैरजी ने २० दिन की और मुनि उदयचन्दजी ने जल आगार से ३० दिन की तपस्या की।

२५—सं० १९०१ के पुर चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी ने ओसन जल के आगार से ७७ दिन का तप किया।

२६—सं० १९०२ में उदयपुर चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी ने जल के आगार से ३० दिन की तपस्या की।

२७—सं० १९०३ के पीपाड़ द्वार चातुर्मास में मुनि कर्मचन्दजी ने जल के आगार से ३१ दिन की तपस्या की।

२८—सं० १९०४ के आमेट चातुर्मास में मुनि उदयचन्दजी ने २ मास का तप आछ आगार से किया।

(६) दीर्घ स्वस्थ मुनि जीवन आपका दीक्षा-पर्याय काल ५१ वर्ष व्यापी रहा। यह काल स्वामीजी के दीक्षा-पर्याय काल से भी नौ वर्ष अधिक है। इस सुदीर्घ कालीन मुनि जीवन में आप प्रायः स्वस्थ रहे।

सं० १८७५ के पाली चातुर्मास के बाद आप देवगढ़ पधारे। एक दिन दिशा से वापस आते समय आपको गाय ने चोट पहुंचा दी जिससे आपका घुटना उतर गया। कंवल में सुख मुनि आपको शहर में ले आये और दिल्ली के वैद्य मगनीरामजी ने मुनियों को उपचार बतलाया। उस उपचार के द्वारा आप स्वस्थ हुये परन्तु इस चोट के कारण आपको नौ मास तक वहीं रहना पड़ा और सं० १८७६ का चातुर्मास देवगढ़ में ही हुआ।

मुनि हेमराजजी के करीब ३॥। वर्ष तक नेत्रों में मोतिया का रोग रहा। इससे दृष्टि जाती रही। सं० १८९७ का चातुर्मास सिरियारी में रहा। बैशाख में एक संत ने सिरयारी में ही नेत्रों की कारी की। आपके नेत्रों में पुनः ज्योति प्रगट हुई।

(७) अन्तिम चातुर्मास के बाद का विहार : आपका अन्तिम चातुर्मास सं० १९०४ में आमेट शहर में हुआ। चातुर्मास की समाप्ति के बाद आप कांकरोली पधारे।

वहां आपने तृतीय आचार्य ऋषि रायचंदजी स्वामी का दर्शन किया और फिर उन्हीं के साथ मोठन्दे गांव पधारे। वहां से आप मीजी द्वार पधारे और वहां एक मास रहे। फिर सिसोदे, कांकड़ोली और रासोल होते हुये केलवा पधारे। वहां से विहार कर माहवा होते हुये आमेट पधारे। आपका विचार मरुधर देश जाने का था। साधु और श्रावकों ने आपको बहुत रोका पर आप अडिग रहे और विहार कर एक रात कमेरी रहे और दो रात कुवाकल। फिर वहां से दोलोजीरावेड़े से होते हुये देवगढ़ पधारे। तीव्र उष्णकाल आ गया था। फिर भी मरुधर जाने का विचार आपने नहीं छोड़ा। मीजी द्वार के प्रसिद्ध श्रावक मायाचंदजी के पुत्र फोजमलजी ने आपके दर्शन किये और आपसे रुकने की अर्ज की तब आप बोले—"हम मरुधर काल के खींचे हुये जा रहे हैं तो भी कुछ पता नहीं—'कालरा खांच्या आवां अठी कांई ते पिण खबर न काय। आप सात रात देवगढ़ रहे। इसके बाद पीपली कुलेज होते हुये सिरियारी पधारे।

आप सिरियारी पधारे उस दिन जेष्ठ बदी चौथ का दिन था। द्वादशी तक आप पूर्णतः स्वस्थ थे और उस दिन भी आपने खड़े-खड़े ही प्रतिक्रमण किया था :

> आसा एकावन वर्ष स्वामजी कांई विचरया हेम सचित।
> चुउथ दिन स्वामजी कियो उभो पडिकमणो विवत॥
> जेठ विद बारस तांई स्वामजी होसी उभा पडिकमणो कीध।
> पछमी कर्म काटण तणा होसी जग महि जस लीध[१]॥

(८) अन्तिम सप्ताह कहना होगा कि आपकी पहली अस्वस्थता यहीं से आरम्भ होती है। जेठ बदी तेरस के दिन आपको कुछ श्वास का प्रकोप हुआ। चौदस के दिन आप गाँव के बाहर दिशा के लिये पधारे। इसी दिन आचार्य जीतमलजी स्वामी ने आपके दर्शन किये। उस दिन आपने अन्याचार्य से अनेक तरह का वार्तालाप किया। इस तरह आपको दिन में चैन रहा पर रात्रि में श्वास विशेष रूप से उठने लगा। अमावस के प्रातः फिर साता हुआ। सुबह के भोजन में आपने दो फुलके खाये और शाम के आहार में एक फुलका। रात्रि में पुनः श्वास-प्रकोप बढ़ गया। प्रतिपदा के प्रभात में फिर साता हुई और आप गण-समुदाय सम्बन्धी बातें करते रहे। इस दिन तक दोनों वक्त का प्रतिक्रमण स्वयं बैठकर करते और उच्च स्वर से पाठोच्चार करते रहे।

इन दिनों आचार्य ऋषि रायचन्दजी चिरपटिया में विराजते थे। वहीं आपकी अस्वस्थता का समाचार आचार्य श्री को प्राप्त हुआ। प्रतिपदा के दिन आपने कपूरजी मुनिजी को मुनि हेमराजजी के पास भेजा। उस दिन आपने कहा—"आहार करने का भाव नहीं है क्योंकि इससे श्वास बढ़ जाता है।" परन्तु जीतमलजी स्वामी के विशेष अनुरोध से आपने एक सूरे (सूरे) फुलके का आहार लिया।

१—हेम नवरसो ८.१८ १९

उसी दिन तीसरे पहर आप मुनि कपूरजी से बोले—"शीघ्र जाओ और आचार्य श्री को आज ही दर्शन करने के लिये कहो। यदि आज न पधार सकें तो कल पहर दिन बीतने के पूर्व दर्शन करें। देर न करें। कहीं उनके मन की मन ही में न रह जाय।' इसके बाद श्वास का प्रकोप बढ़ गया। चौथे पहर कुछ साता हुई और फिर शासन सम्बन्धी बातें करने लगे। शाम के आहार का त्याग कर दिया। सायंकाल को अपने मुख से शब्दोच्चार करते हुये बैठे-बैठे प्रतिक्रमण किया। रात्रि में संतों से व्याख्यान दिलवाया।

रात्रि के अन्तिम प्रहर में मुनि सतीदासजी और उदयचन्दजी ने आपको चौबीसी की चौदह ढालें सुनाईं। बाद में आप फिर अनेक तरह की वैराग्य की बातें सन्तों से करने लगे। श्रीतमलजी स्वामी ने विचार किया : 'आयु का क्या भरोसा ? अभी तो कोई खतरा नहीं फिर भी 'मिच्छामि दुक्कडं' दिला देना अच्छा है।' ऐसा सोच उन्होंने व्रत उच्चारित करवाये और 'मिच्छामि दुक्कडं' दिलवाया। आपने बड़े प्रसन्न मन और बड़ी सावधानी के साथ आलोचना की। उस समय का चित्र इस प्रकार है :

> हेम पिण निज मुख सूं कही हो, ऊंचे शब्द उचार।
> मिच्छामि दुक्कडं मांहरे हो एहवा सावचाम गुणधार॥
> इम पांचू ही भेद में हो आख्यो हुवे अतिचार।
> मिच्छामि दुक्कडं तेहनो हो कह्या भूधा शब्द उचार॥
> मन वच काया गुप्त में हो लागो हुवे अतिचार।
> यूं जुदा भेद करी कह्या हो मिच्छामि दुक्कडं उदार॥
> छर्ड व्रतां रा अतिचार मले हो हेम बोले ऊंच स्वर वाण।
> गये काल री मिच्छामि दुक्कडं हो आगमिये काल रा पचखाण॥
> पाप अठारे आलोविया हो जुदा जुदा ले नाम।
> पचखाण आगमिये काल में हो, त्रिविध त्रिविधे कर ताम॥
> इण रीत महाव्रत आलोविया हो, आलोवण अधिकार।
> भाग्यवती हेम महामुनि हो योग्य मिल्यो श्रीकार'॥

इसके बाद मुनि श्रीतमलजी ने स्थानांग उत्तराध्ययन आदि सूत्रों के पाठ सुनाते हुये आपके परिणामों को वैराग्य में ऐसा तल्लीन किया कि आपकी आत्मा आनन्दविभोर हो उठी। मुनि श्रीतमलजी ने "मृत्यु महोत्सव है" इस बात को बड़े मार्मिक ढंग से अपने विद्या-गुरु के सम्मुख रखा और उसके बाद उनके गुणवाद किये।

अब तक प्रतिक्रमण का समय आ चुका था। आप सतीदासजी से बोले—'निद्रा आ रही है।" सतीदासजी बोले—"लेटकर निद्रा लें।" आप बोले—"प्रतिक्रमण करना है।"

१—हेम नवरसो ६ । १६ १८ २२ २३

सतीदासजी बोले—"आप अस्वस्थ हैं ऐसी स्थिति में प्रतिक्रमण न करें तो कोई बात नहीं।" आप बोले—"प्रतिक्रमण तो करना ही है, इसमें अस्वस्थता का क्या प्रश्न ?" इसके बाद उच्च स्वर से पाठोच्चार करते हुये आपने बैठे-बैठे प्रतिक्रमण किया।

(१) महा प्रयाण तदनन्तर संतों ने प्रतिलेखन किया और मुनि मोतीजी स्वामी दिशा जाने की आज्ञा लेने के लिये आये। आपने उनके मस्तक पर अपना हाथ रखा। संतों ने पूछा—'साता है तो ?" आपने आह्लादपूर्वक उच्च स्वर में उत्तर दिया—"देव, गुरु के प्रताप से साता है।"

फिर आप बाजौट से नीचे उतर विराज पधारे। सभी संत उपस्थित थे।

किसी ने श्वास की औषधि बताई थी। उसको कई संत घिस रहे थे। मुनि जीतमलजी सतीदासजी आदि संतों से बोले—"हम लोग दिशा से वापस आकर औषधि देंगे।" ऐसा कह पछेवड़ी (ऊपर का कपड़ा) पहन दिशा जाने को प्रस्तुत हुये। इस समय जीतमलजी स्वामी के मन में आया—'यदि कहीं श्वास बढ़ गया तो ? अच्छा हो हम औषधि देकर ही दिशा जाय।" ऐसा विचार कर वे ठहर गये। मुनि हेमराजजी दिशा से निवृत्त हो बाजौट पर बैठे। शरीर में अत्यन्त पसीना आ गया। श्वास का प्रकोप अत्यन्त बढ़ गया। हाथ के इशारे से अफीम माँगी। मुनि जीतमलजी ने अफीम दी। आप मुंह में रख उसे चूसने लगे। इतने में पुद्गलों की शक्ति क्षीण होती हुई दिखाई दी।

अवसर देखकर मुनि जीतमलजी ने अनशन ग्रहण कराया। आपने शुद्ध विवेकपूर्वक उसे ग्रहण किया। मुनि जीतमलजी बोले—"स्वामी ! आपको अरिहंत सिद्ध साधु और धर्म इन चारों शरणों का आधार है। इसके बाद अनेक वैराग्य की बातें सुनाईं। तदन्तर चारों आहार का त्याग कराया। फिर शरणों का आधार दिलाया।

इस प्रकार एक घड़ी का समय बीता। आप मुनि सतीदासजी और करमचन्दजी के हाथों के सहारे बैठे हुये थे। इसी दशा में आपने समाधि-मरण को प्राप्त किया। साधुओं ने शरीर व्युत्सर्ग कर कायोत्सर्ग ध्यान किया। सब संतों ने उस दिन उपवास किया।

इस तरह आपका स्वर्गवास आपकी जन्मभूमि सिरियारी में श्री सं १९०४ की ज्येष्ठ शुक्ला द्वितीया शनिवार के दिन हुआ। उस दिन वहां साठ से अधिक साधु-साध्वियाँ उपस्थित थीं। आचार्य श्री रायचन्दजी स्वामी आपके स्वर्गवास होने के दो मुहूर्त बाद पधारे। [1]उस समय आपने जो उद्गार प्रकट किये उनको मुनि जीतमलजी ने इस प्रकार पद्य-बद्ध किया है :

> मिच्छा मारीमाल राजगुरी चस्या हो चव इसी करड़ी वाणी भाम।
>
> पिन हिवड़ाँ करड़ी माची घणी ही इम बोल्या ऋषराय ॥

१ —हेम नवरसो १ १ १

(१०) महान् व्यक्तित्व —आपके व्यक्तित्व के विषय में हम जयाचार्य के ही उद्गारों को प्रकट करेंगे

मुनिवर रे सीयल पल्यो नववाड़ सूं रे, धुर बाला ब्रह्मचार हो लाल।
ए तन उत्कृष्टो पम्यों रे, सुरपति प्रणमें धार हो लाल॥
मुनिवर रे उपशम रस माहिं रह्या रे विविध गुणां री खाण हो लाल।
एकन्त कर्म काटण भणी रे, संवेग रस गलताण हो लाल॥
मुनिवर रे स्वाम गुणां रा सागर रे, निरखो मति गम्भीर हो लाल।
उजागर गुण आगलो रे, मेरु तणी पर धीर हो लाल॥
मुनिवर रे कठिन वचन कह्या तणो रे, थाप के सीधो नेम हो लाल।
बहुलपण नहीं बागस्यो रे, वचनामृत सूं प्रेम हो लाल॥
मुनिवर रे विविध कठिन वच सांभली रे, थांरे मन में नहीं समाय हो लाल।
तन मन वच मुनि वश किन्यो रे, ए तन अधिक उपाय हो लाल॥
मुनिवर रे चौथ आर सांभल्या रे क्षमा पूरा अरिहंत हो लाल।
विरला पंचम काल में रे, हेम सरिखा सन्त हो लाल॥
मुनिवर रे निरलोभी मुनि निमला रे, मायव निर अहंकार हो लाल।
इसका कम उपधि करी रे, सत्य वच महा सुखकार हो लाल॥
मुनिवर रे संयम में पूरा घणा रे, वर तप विविध प्रकार हो लाल।
उपधि अल्पादिक मुनि भणी रे, हिमरो हेम दातार हो लाल॥
मुनिवर रे ईर्या शुद्ध मति शोधती रे, वाणे भाख्यो जगराज हो लाल।
शुभ सुरत गमती घणी रे, प्रत्यग भवदधि पाज हो लाल॥
मुनिवर रे स्वाम गुणां रा सागर किम कहिये गुण एक हो लाल।
ऊंडी शुभ आलोचना रे, बाई शुभ विवेक हो लाल॥
मुनिवर रे पर्गंत आचार्य आगल्या रे तें पामी एकणकार हो लाल।
मान भेट मन वश किन्यो रे निरख शीश नमस्कार हो लाल॥
साम धणा मन्ना भणी रे, तें कीधो अधिक उदार हो लाल।
मय वन्दन पय वानहो रे, समरे तीरथ च्यार हो लाल॥

(११) आचार्यों के बहुमान के पात्र :—आपने तीन आचार्यों के—आचार्य भीखणजी, आचार्य भारीमालजी और आचार्य रायचन्दजी के युग देखे। आपको सभी का स्नेह एवं बहुमान प्राप्त था।

आपने दीक्षा लेने के बाद स्थिर होते ही स्वामीजी ने मुनिश्री भारीमालजी से फरमाया :

१—हेम नवरसो : ७ । ११ १८,१४-२६

भारिमल सूं भिक्खू कहै, मत थे हुवो अचिन्त।
आगे तो थारे म्हें हुंता अब हेम सुवनीत ॥
जे कोई पाखंड्यां थकी पड़े चरचा रो काम।
तो सह थारे हेमजी इम कहि भिक्खू स्वाम[1] ॥

जब मुनि वेणीरामजी को आपके यावज्जीवन ब्रह्मचर्य ग्रहण करने का संवाद स्वामीजी से मिला तब वे बोले :

वेणीरामजी स्वामजी हर्ष्या थया मन मांय।
धन्य प्रशंस्या स्वाम नें आप कीधी बात सवाय ॥
जे शील सवरायो हेम नें, कीधो उत्तम काम।
म्हें पिण तप कीधो थकी (पिण) ठीक न आयो ताम[2] ॥

आपका व्यक्तित्व कितना आकर्षक एवं प्रभावशाली था यह इन दोनों घटनाओं से स्वयं प्रकटित हो जाता है। स्वामीजी ने आपमें एक महान् ओजस्वी आत्मा का आलोक देखा था।

एक बार उदयपुर के राणाजी ने भारीमालजी स्वामी को उदयपुर में न रहने का हुक्म दे दिया। बाद में उनको अपनी गलती महसूस हुई और उन्होंने भारीमालजी स्वामी से उदयपुर पधारने की विनती की :

विहरंते वर्ष पुर मझे भारीमाल रिषराय।
आई हिन्दूपति नी विनती करी घणी नरमाय ॥
उदयापुर पधारिजें दुनियां साहमों देख।
दुष्ट साहमों नहीं देखिजें किरपा करो विशेष[3] ॥

आचार्य श्री भारीमालजी स्वयं तो नहीं पधारे पर उनकी विनती स्वीकार कर हेमराजजी स्वामी के सिंघाड़े को भेजा। इस अवसर पर ऋषि रायचन्दजी (भावी तृतीय आचार्य) भी आपके साथ थे :

हेम रिष रायचन्द जी ठेरे साथ उदार।
गुरु हुक्म सूं आविया उदयापुर शहर मझार ॥

१—हेम नवरसो ३ दोहा २ ३
२—वही दोहा ७-८
३—तेरापंथ आचार्य चरितावलि (द्वि. खण्ड) : आचार्य भारीमाल रो बखाण ५ दोहा ४-५

उदयापुर मायें नम्यो हिन्दुपति इरण सहीत।
उपगार हुवो त्यां प्रति घणो आंणे चौमा प्रारा नी रीत[1] ॥

आचार्य श्री ने मुनि श्री हेमराज को भेजना अपने पधारने के बराबर ही माना।

आमेट के अन्तिम चातुर्मास के बाद जब आप कांकरोली पधारे तब आचार्य ऋषि रायचन्दजी स्वयं संतों के साथ आपकी अगवानी के लिए गये। यह परम सम्मान था :

चम चौमासो उतरयो विहार कियो तिणवार।
विचरत विचरत आविया कांकरोली शहर मझार॥
परम पूज्य पूज हरषिया संत घणा ले संग।
साहमा आया हेम में उपनो घणो उमंग॥
बे कर जोड़ी वन्दना करे, देख बहु जनवृन्द।
नर नारी हर्ष्या घणा पाम्यां अधिक आणन्द[2] ॥

आचार्य श्री देहान्त के पूर्व नहीं पहुंच सके। दो मुहूर्त बाद में पहुंचने पर उन्होंने जो उद्गार व्यक्त किये वे ऊपर दिये जा चुके हैं। वे उद्गार भी इसी भावना के प्रतीक हैं।

स्वर्गवास के बाद आपने मुनि श्री जीतमलजी को 'हेम नवरसो' लिखने का आदेश दिया

परमपूज्य जीत ने कह्यो हो करो नवरसो सार।
इम पूज्य तणी आज्ञा थकी हो जोड्यो हेम नवरसो उदार[3] ॥

इन पंक्तियों से भी उसी भावना की अभिव्यक्ति होती है।

सं० १८८१ में आचार्य श्री रायचन्दजी ने आपके आहार के विषय में पांती का हिसाब उठा दिया। यह भी महती कृपा का ही कारण था।

(१२) तपस्वी जीवन : आपका जीवन बड़ा तपस्वी था। सं० १८५६ के चातुर्मास में आप स्वामीजी के साथ थे। आपने चातुर्मास भर एकान्तर तपस्या की। आपके तपस्वी-जीवन की झांकी जयाचार्य के शब्दों में इस प्रकार है :

१—तेरापंथ आचार्य चरितावलि (द्वि. ख.) आचार्य भारीमालजी रो बखाण ५ दोहा ७-८

इस घटना का उल्लेख हेम नवरसो ४ ४६-५० में इस प्रकार मिलता है

उदियापुर चम कलासो रे संतरे कियो चौमासो रे।
हिन्दुपति हुवो अधिक हुलासो॥
भीमसिंह मत्ति इद कीधी रे नमस्कार वंदणा प्रसिद्ध रे।
तिण सूं हुए जगी धर्म वृद्धि॥

२—हेम नवरसो ८ दोहा १ १

३—हेम नवरसो ६ ११२

४—हेम नवरसो ५ ६६

मुनिवर रे उपवास बेला बहुला किया रे, तेला चोला तंतसार हो लाल।
पांच-पांच नो थोकड़ा रे, कीया बहुली बार हो लाल॥
हेम ऋषि मझिये सदा रे॥
मुनिवर रे षट दिन कीया संत सूं रे पूरो तप सूं प्यार हो लाल।
आठ किया उत्कर्ष सूं रे, हेम बड़ा गुणधार हो लाल॥ हेम॥
मुनिवर रे इतना त्याग किया ऋषि रे, बहु विगय तणो परिहार हो लाल।
हेम वरागी देखने रे पामे अधिको प्यार हो लाल॥ हेम॥
मुनिवर रे शीतकाल बहु ही कम्योरे एक पछेवड़ी परिहार हो लाल।
घणा वर्षां लग आचर्यो रे, हेम गुणां रा भण्डार हो लाल॥ हेम॥
मुनिवर रे ऊभा काउसग्ग आदर्यो रे, शीतकाल में सोय हो लाल।
पछेवड़ी छांडी करी रे, बहु कष्ट सह्यो अवलोय हो लाल॥ हेम॥
मुनिवर रे सज्झाय करवा स्वामजी रे, तन मन अधिको प्यार हो लाल।
दिवस रात्रि में हेमनो रे, एहिज उद्यम सार हो लाल॥ हेम॥
मुनिवर रे काउसग मुद्रा स्यापने रे, ध्यान सुधा रस लीन हो लाल।
नित्य प्रति उद्यम अति घणो रे मुक्त स्हामी गुण लीन हो लाल[1]॥ हेम॥

(१३) कुछ जीवन प्रसंग : आपके जीवन के कई प्रसंग अत्यन्त ही महत्वपूर्ण हैं, उन्हें हम यहाँ संक्षेप में दे रहे हैं

(१) सं० १८७७ के उदयपुर चौमासे के बाद आपने संतों के साथ राजनगर में द्वि० आचार्य भारीमालजी के दर्शन किये। आचार्य श्री के शरीर में अधिक असाता थी इससे अनेक संत वहाँ एकत्रित हुए। आचार्य श्री ने युवराज पदवी के लिए दो नाम लिख रखे थे—एक मुनि खेतसीजी का तथा दूसरा ऋषि रायचन्दजी का। मुनि जीतमलजी ने एक ही नाम के लिए विनती की। आचार्य श्री आपके मन की प्रतिक्रिया जानने के इच्छुक थे। इस परिस्थिति को आपने जिस प्रकार परिपुष्ट किया उसका वर्णन इस प्रकार मिलता है :

भारीमाल तनु कारण वाणी बहु संत मिल्या तिहां जाणी।
पदवानि नी मरजी घोलन ऋषि हेम करे इम वाणी॥
प्रथम धार ऋषिराय नामी मे मइर करी नें दीज।
म्हारी तरफ न् धार मन मांहि किंचित फिकर न कीज॥
हाथी जीतजी धारे दोनूं में नहिं है फरक लिगारो।
जिम धार तिमें ऋषिराय भणे हूं करीगा बेहुं सुविचारो॥
हेम वचन वर स्वाम सुना सुन पदवानि हर्ष सुवाया।
परम विनीत ए जीतचंद दर आश्या हेम सराया॥

1—हेम नवरसो ७ । १-७

तब पद युवराज दियो अभिराम मे हेम भणी सु विमासो।
सब संता स्युं स्वाम मोसायो शहर आमेट चोमासो ॥

मुनि हेमराजजी कितने विनयी और नीति के निमल थे यह इस घटना से स्वयं प्रकट होता है। श्री जीतमलजी स्वामीजी ने इस घटना के सम्बन्ध में लिखा है

इम बाच मुनी पूज्य हर्ष्या रे, मार्ने तन मन सुवनीत परख्या रे।
निकलंक हेम इम निरख्या ॥
एहवा हेम सुविनीत गम्भीरो रे, ए तो मेरु तणी पर धीरो रे।
इम निर्मल अमोलक हीरो[१] ॥

(ख) सं० १८८४ का चातुर्मास पटलावद में व्यतीत कर आचार्य रायचन्दजी पुर पधारे। दीक्षा में बड़े होते हुए भी आप अनक श्रावक-श्राविकाओं के वृन्द के साथ आचार्य श्री के सम्मुख पधारे। मुनि हेमराजजी प्रतिक्रमण में स्वयं ही आलोचना ले लिया करते थे। आचार्य श्री ने मुनि जीतमलजी से कहा— 'आलोचना गणि से लेनी चाहिये। जब तक हेमराजजी को सहमत नहीं करोगे तुम्हें चारों आहार का त्याग है। मुनि जीतमलजी ने यह बात आपसे अर्ज की। आपने यह बात तुरन्त स्वीकार की और तब से आचार्य श्री से आलोचना लेने लगे। वास्तव में बात यह थी कि उस समय तक इस प्रश्न की चोलना— चर्चा ही नहीं हुई थी—'तठा ताइ चोलणा न हुइ ताम'[२]।

(ग) एक बार वेणीरामजी मुनि ने स्वामीजी से कहा : हेमराजजी को व्याख्यान अस्खलित रूप से कण्ठस्थ नहीं होते। वे जोड़ते जाते हैं और व्याख्यान देते जाते हैं।" स्वामीजी बोले : 'केवली सूत्र व्यतिरिक्त ही होते हैं। उनके सूत्र से काम नहीं होता।"

(घ) नाथद्वार में स० १८६० में स्वामीजी को वातरोग के कारण करीब १३ महीने तक ठहरना पड़ा। एक बार मुनि हेमराजजी गोचरी गये। चने और मूंग की दाल को साथ देख कर स्वामीजी ने पूछा : 'दोनों दालों को साथ किसने किया ?" आप बोले "मैं साथ ही लाया था।" स्वामीजी बोले 'अस्वस्थ के लिए अलग मांग कर लाना तो दूर रहा तूने दोनों को मिला क्यों दिया ?' आप बोले "भजाने में इकट्ठी हुई। स्वामीजी ने कड़ा उपालम्भ दिया। आप एकांत में जाकर सो गये। आप उदास हो गये। स्वामीजी ने आहार कर आकर पूछा "दोष अपनी आत्मा का दिखाई दे रहा है या मेरा ?" आप बोले : "दोष तो अपना ही देखता हूं।"

१—(क) तेरापन्थ आचार्य चरितावलि (द्वि ख) : आचार्य जीतमलजी रो बखाण ७ १ १६
(ख) वही आचार्य रायचन्द जी रो बखाण ७ ६-७
(ग) हेम नवरसो ४ ५५-६
२—हेम नवरसो ४ ५८ ५९
३—तेरापंथ आचार्य चरितावलि : आचार्य जीतमलजी रो बखाण ११ बखाणी ११
४—भिक्खु दृष्टान्त : दृ० १५९

स्वामीजी बोले "ठीक है। आज के बाद सचेत रहना। उठो! आहार करो।" आपने आहार किया[1]।

(ङ) सं० १८५५ में स्वामीजी कोठारोसी में सैहलोतों की पोल में विराजे। रात में पोल-द्वार की छोटी खिड़की खोल स्वामीजी दिशा गये। आपने पूछा "स्वामीजी खिड़की खोलने में क्या बाधा नहीं?" स्वामीजी बोले 'पाली का चोथजी सकलेचा वन्दन करने के लिए आया था। वह बड़ा शंकाशील व्यक्ति है। पर इसकी शंका तो उसको भी नहीं हुई? फिर तुम्हें यह शंका कैसे हुई?" आप बोले "स्वामीजी! मुझे कोई शंका नहीं मैं तो पूछता हूं। स्वामीजी बोले: "तू पूछता है तो इसमें बाधा नहीं। यदि इसमें बाधा होती तो मैं क्यों खोलता?'

(च) सं० १८५५ में पाली में आप टीकमजी से चर्चा कर रहे थे। उस समय एक माहेश्वरी बोला 'चार पैसे देकर किसी ने सपेरा से सप छुड़ाया तो उसमें उसे क्या हुआ?" टीकमजी बोले: 'अच्छा धर्म हुआ।" माहेश्वरी बोला 'वह सप सीधा चूहे के बिल में जा घुसे तब?" टीकमजी बोले बिल के अन्दर चूहा न हो तो?"

इस प्रश्नोत्तर की बात आपने स्वामीजी से कही। स्वामीजी बोले: 'किसी ने काग पर गोली चलाई। काग उड़ गया। यह काग का भाग्य—उसकी आयु थी। पर गोली छोड़नेवाले को तो पाप लग चुका। इसी तरह जिस सप को छुड़ाया वह बिल में गया। यदि अन्दर चूहा नहीं है तो यह चूहे का भाग्य पर सर्प को छुड़ानेवाला तो हिंसा का भागी ठहर चुका।"

स्वामीजी ने आपसे कहा—"ऐसा जवाब देना चाहिए"[2]।

(छ) आपने दीक्षा लेने के बाद दशवैकालिक सूत्र सीखा। उसके बाद उत्तराध्ययन सूत्र सीखने लगे। स्वामीजी बोले "व्याख्यान सीखो। तुममें मंडकला है।

(१४) सबसे बड़ी देन—विद्यादान: हेमराजजी स्वामी की सबसे बड़ी देन है उनका विद्यादान। वे चतुर्थ आचार्य जीतमलजी स्वामी के विद्यागुरु थे। उनकी दीक्षा आचार्य भारीमालजी के समय में यद्यपि रामचन्दजी के कर-कमलों से सं० १८६९ की माघ वदी ७ के दिन जयपुर में सम्पन्न हुई। दीक्षा के बाद उन्हें मुनि हेमराजजी को सौंप दिया गया था। मुनि जीतमलजी स्वयं ही लिखते हैं

> संयम देई सूंपिया हम भणी तिण वारी हो।
> हेम जगाय पका किया विद्यादान दातारी हो।
> थांरी बहु बलिहारी हो[3] ॥

१—भिक्खु दृष्टान्त: दृ० १६६

१—भिक्खु दृष्टान्त: दृ० १०१

१—भिक्खु दृष्टान्त: दृ० ७०

१—भिक्खु दृष्टान्त: दृ० २०३

१—(क) आचार्य चरितावलि आचार्य रामचन्द्रजी रो बखाण ६६

(ख) हेम नवरसो १:१८-२१

इसके बाद मुनि जीतमलजी के ग्यारह चातुर्मास सं० १८७० से लेकर १८८१ तक आपके साथ हुए। बाद में सं० १९०३ का चातुर्मास भी साथ में हुआ। इन तेरह चातुर्मासों में आपने जीतमलजी स्वामी को भरपूर ज्ञान-दान दिया :

तेरे चौमासा बहु चप करनें सूत्रादि धर्म धारी।
विविध कला सीखाई जीत नें हेम हद्या उपगारी[1] ॥

इस ज्ञान-दान की चर्चा करते हुए वे पुनः लिखते हैं :

मुनिवर रे हु तो बिन्दु समान वो रे तुम कियो सिन्धु समान हो लाल।
तुम गुण कबहु न विसरूं रे, निश दिन धरूं तुम ध्यान हो लाल।
मुनिवर रे जीत तणो जय थे करी रे, विद्यादिक विस्तार हो लाल।
निपुण कियो सतीदास ने रे, वलि प्रवर सन्त मधिकार हो लाल[2] ॥

(१५) साहित्यिक अभिरुचि और देन : आपकी साहित्यिक अभिरुचि बड़ी उच्च-कोटि की थी। आप सहज ज्ञानी और आध्यात्मिक कवि थे। आपकी कृतियाँ थोड़ी ही प्राप्त हैं पर जितनी भी प्राप्त हैं वे आपकी असाधारण साहित्यिक प्रतिभा का परिचय देती हैं। सम्वत् १९०३ के चातुर्मास में आपने स्वामीजी के दृष्टान्त मुनि जीतमलजी को सिखाए :

विविध हेतु ध्याम युक्ति वर, भिक्खु रा दृष्टान्त भारी।
जीत सिखया स्वामी हेम सिखाया और ही विविध प्रकारी[3] ॥

आपके अन्तिम दिनों में मुनि जीतमलजी ने कोठे में आपकी दर्शन-सेवा की। उस समय भी आपने अनेक बातें उनको सिखाई :

विविध जमी वारता होजी हम सिखाई ताम।
हम बाल गुण पोरसो कोई समुद्र कम थोथाव ॥

देहान्त की पूर्व रात्रि में जब मुनि जीतमलजी कृत चौबीसी की ढालें उन्हें सुनाई गई तब आपने चौबीसी कंठस्थ करने का अभिग्रह लिया

हम पोते अभिग्रहो कियो हो कारण मिटियाँ ताम।
म्ह चिव चौबीसी मुंडे करी हो एहवा वरामी स्वाम[4] ॥

ये सब आपकी साहित्यिक अभिरुचि के ज्वलन्त उदाहरण हैं। अंतिम दिन के प्रातःकाल में आप और मुनि जीतमलजी के बीच जो संवाद हुआ वह जितना वैराग्यपूर्ण है उतना ही साहित्यिक अभिरुचिपरक भी[5]।

१—हेम नवरसो : ६ ११
२—वही : ७ ११ १९
३—वही : ६ १४
४—वही : ८ ५
५—वही : ६ २६
६—वही : ९ ११-७१

आपका अधिकांश समय स्वाध्याय ध्यान अध्ययन और अध्यापन में लगता था। "भीखू चरित" के उपरान्त आपकी अन्य कृति 'आचार्य भारीमालजी रो बखाण" है। यह कृति 'तेरापंथ आचार्य चरितावलि" (द्वि० ख०) के पृष्ठ १ से २४ पर प्रकाशित है। इसमें १३ ढालें हैं। दोहे और ढाल-गाथाओं की संख्या क्रमशः ७८ और १७२ है। यह कृति मारवाड़ के पिपाड़ शहर में सं० १८७४ में रचित है।

(२) प्रस्तुत कृति का परिचय

(१) कुल ढाल, दोहे तथा गाथाओं की संख्या : इस चरित में कुल १३ ढालें हैं जिनके दोहों तथा गाथाओं की संख्या इस प्रकार है :

ढाल	दोहा	गाथा
१	९	१७
२	२	२१
३	६	१५
४	६	१२
५	५	१३
६	५	१४
७	४	२१
८	४	१२
९	५	१३
१०	३	१७
११	५	९
१२	२	१२
१३	४	२१
	६	१९७

स्वामीजी के जीवन में तेरह की संख्या का विशेष महत्त्व रहा। आपका जन्म सं० १७८३ की आषाढ़ शुक्ला त्रयोदशी और स्वर्गवास सं० १८६० की भाद्र शुक्ला त्रयोदशी मंगलवार के दिन हुआ। संप्रदाय की नाम-स्थापना के समय अनुयायी श्रावक और साधु दोनों की संख्या तेरह-तेरह ही थी। सम्प्रदाय का नाम भी 'तेरह' संख्या के आधार पर ही तेरापंथ पड़ा। राजस्थानी 'तेरा' शब्द 'तेरह' का पर्यायवाची है।

इस कृति में ढालों की संख्या तेरह रखी गयी है वह आकस्मिक नहीं पर संभवतः स्वामीजी के जीवन में 'तेरह' के अंक के इस महत्त्व को ध्यान में रखते हुये ही रखी गई है।

तेरह ही ढालें भिन्न-भिन्न देसियों—रागिनियों में हैं। आप कंठकला में प्रवीण थे। आपकी वाणी में बड़ा मिठास था। आपकी यह कृति भी अति श्रुतिमधुर भक्ति-भाव से ओत-प्रोत तथा उच्च प्रमोद भावना और काव्य-रस से परिपूर्ण है। वर्णन जितना स्वाभाविक है उतना ही प्रामाणिक भी। इस संग्रह की अन्य कृतियाँ इस कृति की शैली, भावाभिव्यक्ति और घटना-वर्णन से प्रभावित हैं, यह स्पष्ट है।

(२) कृति का संक्षिप्त सार : पहली ढाल में स्वामीजी के जीवन की जन्म से देहावसान तक की मुख्य-मुख्य घटनाओं का सिंहावलोकन है और फिर संक्षेप में स्वामीजी की कुछ विशेषताओं का वर्णन। दूसरी ढाल में आचार्य रुघनाथजी से अलग होने पर स्वामीजी को कैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था उसका रोमांचकारी वर्णन है। इन बाधारूपी बादलों को उन्होंने अपने तपोतेज से किस प्रकार तितर-बितर कर डाला इसका यहाँ बड़ा ही सुन्दर वर्णन है :

> रावण रूप किया था बका रे, वहाँ स्वामी देवी चौसाम रे। भवक जन।
> तिण लछमण रा बाण सूं रे लाल रूप गया विललाय रे। भ।
> ज्यूं पुष घावां सूं मछकाया लोकां तणी रे, थांरी संगत म करज्यो कोयरे। भ।
> तिण पूज सुज स्याय ध्यांन बाण सूं रे लाल प्रम भाग्यो बणां री जोय र। भ।
> चकडल चढे रैत सावका रे भांज करे सु खण्ड में भाव र। भ।
> ज्यूं भीखनजी रिप बिखरा डठे रे लाल परिहत भाग्या दीधी ऊनलाय र। भ।

तीसरी ढाल के प्रारम्भिक दोहों में स्वामीजी की साहित्यिक साधना का संक्षिप्त विवरण देते हुये उन्होंने विचार जगत में किस तरह से विजय प्राप्त की इसका सुन्दर वर्णन है। चौथी ढाल का भी प्रायः यही विषय है। पाँचवीं ढाल में स्वामीजी के चरम विहार का वर्णन है। स्वामीजी सिरियारी पधारे तब उनके साथ जो संत थे उन संतों का नामोल्लेख भी यहाँ प्राप्त है। छठी ढाल में स्वामीजी की रुग्णता और उनकी आत्म-आलोचना का वर्णन है। सातवीं ढाल में उन्होंने चतुर्विध संघ को जो चरम उपदेश दिया उसका वर्णन है। आठवीं ढाल में स्वामीजी के संल्लेखणा-संथारे का वर्णन है। नवीं ढाल में स्वामीजी के संथारे की जो प्रतिक्रिया चारों ओर हुई उसका वर्णन है। दसवीं ढाल में स्वामीजी के संथारे की सिद्धि का वर्णन है। ग्यारहवीं ढाल में स्वामीजी के देहान्त के बाद म जनता में जो धर्म-ध्यान हुआ उसका उल्लेख है। बारहवीं ढाल में स्वामीजी ने जो उपकार किया उसका वर्णन है। तेरहवीं ढाल में स्वामीजी के चातुर्मासों का वर्णन है। उन्होंने कितनी प्रव्रज्यायें दीं उसका भी यहाँ उल्लेख है।

(३) रचना-स्थान और समय—इस कृति का समाप्ति-दिवस सं० १८६० माघ शुक्ल नवमी शनिवार है। यह सिरियारी की उसी पक्की हाट में रचित है, जहाँ स्वामीजी ने संथारा किया और समाधिपूर्वक देवलोक पधारे। इसका उल्लेख तेरहवीं ढाल की २ वीं गाथा में इस प्रकार है :

> जोड़ कीधी सरीयारी सैहर में पक्की हाट विचार हो। मुनिंद।
> समत अठारै साठ समें भाद्रा सुदि नवमी सनिसर वार हो। मुनिंद।

यह महत्त्वपूर्ण जीवन चरित आज तक अप्रकाशित ही रहा और प्रथम बार प्रकाशित होकर पाठकों के सम्मुख आ रहा है।

(४) आधार प्रति प्रस्तुत प्रकाशन का आधार तृतीय आचार्य ऋषि रायचन्दजी स्वामी की हस्तलिखित प्रति से उतारी हुई प्रति है। यह प्रति सं० १८६६ की वैशाख सुदी चतुर्दशी को मेवाड़ के समगोर गांव में लिखी हुई है। श्री हेमराजजी स्वामी के हाथ की मूल प्रति के प्राप्त न होने से उपर्युक्त प्रति से मिलाकर ही यह चरित इस खण्ड में दिया गया है।

२ भीखु चरित

(१) रचयिता का जीवन-चरित

इस कृति के रचयिता मुनि वेणीरामजी (वेणीदासजी) स्वामीजी के स्वहस्त दीक्षित शिष्य थे। स्वामीजी के शिष्यों में आपका क्रम-स्थान २७ वां है। आपकी मातृभूमि बगड़ी (सुधरी) थी। आपकी दीक्षा सं० १८५४ में हुई। आपने साधुओं में अग्रगण्य स्थान प्राप्त किया। 'साधों में वेणोंजी सतियों में मैणाजी' —यह उस समय की प्रसिद्ध लोकोक्ति थी। आपके व्यक्तित्व का चित्रण इस रूप में प्राप्त है[1]:

हुवो वेणीराम ऋषि भीखो रे, प्रबल पण्डित चरचावादी तीखो रे।
मुनि लियो सुजश नों टीको॥

चार आगल उत्तर बतावी रे उत्तर हेतु दृष्टान्त सुणावी रे।
मर्द मैं प्रगट्यो जिम मोती॥

हर केणा मैं हुसियारी रे, भोला नें लागे अधिक सुप्यारी रे।
चित माहि पामै चमत्कारी॥

थाय मालव देश चमासो रे, बगड़ी सूं चरचा कर तासी रे।
बहु जन नै किया उल्लासी॥

त्यारी धाक सूं पाखण्ड धूज रे वेणीराम केसरी जिम गूंज रे।
प्रगट हलुकर्मी प्रतिबूज॥

परतिमा घ बधि पचारी रे, समझाया घणा नरनारी रे।
हुवी जिन शासन विसतारी॥

वर्षा में दियो संथारो रे, बल बुद्धि मूर्ख सुखकारी रे।
ऐ ती भिक्खु तणी चमारी॥

१—भिक्खु जश रसायण ३० । १२

आप बड़े बहुश्रुती थे। आपको स्वामीजी रचित प्रायः १८०० गाथाएं कण्ठस्थ थीं। सूत्र और सिद्धान्त के रहस्यों के आप बड़े अच्छे जानकार थ। आप प्रचंड पण्डित और दुधर्ष चर्चावादी थे। मालवा देश में सब प्रथम धर्म-प्रचार आप ही के द्वारा हुआ। एक बार रतलाम में आपको स्थान के लिये बड़ा कष्ट उठाना पड़ा। कोई स्थान देने को तयार न होता। जो देता भी वह बाद में चले जाने को कह देता। इस तरह तीन दिन में आपको ९ स्थान-परिवर्तन करने पड़े। इस प्रकार आहार और स्थानादि के कठिन परिषहों को सहन करते हुए भी आपने धर्म-प्रचार कर अनेक आत्माओं का उद्धार किया।

आप बड़े प्रभावशाली वक्ता थे। आपका व्याख्यान जनता को बड़ा प्रिय लगता। श्रोता के हृदय में आपकी वाणी से चमत्कार-सा उत्पन्न हो जाता। आपका व्याख्यान हेतु, न्याय और दृष्टान्तों से गर्भित होता। आप बड़ कुशाग्र-बुद्धि थे। आपकी बुद्धि बड़ी औत्पातिकी थी।

आप बड़े तेजस्वी थे। एक बार मेवाड़ में ग्राम के समय विहार करते हुए साधुओं से चोर भाण्डोपकरण आदि छीन कर ले गये। आप उस पथरीली भूमि में पद-चिह्नों से चोरों की खोज करते हुए चार गाँव में जा पहुँचे और उन्हें समझा-बुझा कर प्राय सब चीजें वापस ले आये। केवल एक पात्र और कुछ चित्रित पत्र वापस न मिल पाये।

आपका स्वर्गवास स० १८७० में हरचासट्ट नामक गांव में हुआ[1]। एक यति ने द्वषवश आपको दवा के बदले विष दे दिया। इस पर भी आपने बड़ा समभाव रखा। आपका देहावसान अचानक हो गया।

आपने २६ वष पयत बड़ी निमलता स मुनि जीवन यापन किया। भिक्खु दृष्टान्त में स्वामीजी क साथ घटित आपक कई जीवन-प्रसंग प्राप्त हैं। उनमें से कुछ हम यहाँ देते हैं:

मुनि वेणीरामजी बाल्यावस्था में थे तब स्वामीजी से बोले: "हिंगुलु से पात्र नहीं रंगने चाहिए।" स्वामीजी बोले— "मेरे पात्र तो रंगे हुए ही हैं। तुम्हें घृणा हो तो मत रंगो।" वेणीरामजी बोले—"मेरा केलू से रंगने का विचार है।" स्वामीजी बोले: "केलू लाने के लिए जाने पर यदि नजदीक में कच्चे पीले रंग का केलू हो और बाद में दूर पर पक्के लाल रंग का केलू हो तो तुम्हें पहले कच्चे पीले रंगवाले केलू को लेना चाहिए। यदि उसे न लेकर पक्के केलू की चाह करोगे तब तो ध्यान सुरंगे रंग का ही रहा[2]।" इस तरह उनको समझाया तब व समझ गय।

१—(क) हम नवासो १ को १ :
चमालीस संयम लियो वेणीरामजी जोय।
हरचासनु में सही सत्तरे पौंहता परलोक॥
(ग) भिक्खु जश रसायण ४० १४ :
छीपों स्वाम भिक्खु पछे कारों रे गहर चामदु में छविकाला रे।
संवत अठारह सत्तर सिहाळो॥
२—देखिए पृ १४१ ११ ११२ ११३ ११४ ११५
३—भिक्खु दृष्टान्त. ह ११

बाल्यावस्था में वेणीरामजी स्वामी में दोष निकालने की प्रवृत्ति थी। एक दिन वे दूर बैठ हुये थे। स्वामीजी ने गुप्त रूप से जगह पूँज कर पर फैलाया और साधुओं से बोले— देखो वेणी दूर बैठा देख रहा है, वह कुछ कहेगा।" एक क्षण के बाद ही मुनि वेणीरामजी बोले—"आपने बिना पूँजे पर कैसे फैलाया?" अन्य साधु स्वामीजी की ओर देखकर हसने लगे। साधु बोले— "पूँज कर ही पैर फैलाया है।" इसपर वे शर्मिंदा हो समीप आ स्वामीजी के चरणों में नतमस्तक हो गये[1]।

पिपाड़ की घटना है। एक दिन स्वामीजी ने वेणीरामजी को दो तीन बार पुकारा। वे दूसरी हाट में थे। बोले नहीं। श्रावक गुमानजी लूणावत से स्वामीजी बोले— "वेणो छूटतो दीसे है।" गुमानजी ने सारी बात आकर वेणीरामजी से कही। वेणीरामजी तुरन्त आकर चरणों में झुक गये। स्वामीजी बोले—"पुकारने पर भी तुम बोले नहीं?" वेणीरामजी विनयपूर्वक बोले— "मैंने सुना नहीं।" इसके बाद बड़ी विनम्रता से क्षमा-याचना की[2]।

एक बार वेणीरामजी बोले— मैं पाली में जाकर चन्द्रभानजी से चर्चा करूं?" अवसर न देखकर स्वामीजी बोले—"उनसे चर्चा करने का तुझे त्याग है[3]।"

स्वामीजी ने एक बार वेणीरामजी से कहा— 'तुम आँखों में औषधि बहुत लगाते हो। आँख खोले दिखाई देते हो। इसपर भी उन्होंने औषधि न छोड़ी। आँखें कच्ची पड़ गई। उनमें घाव हो गये[4]।

सं॰ १८६० की माद्र शुक्ल त्रयोदशी के दिन स्वामीजी का संथारा सम्पन्न हुआ। उस दिन प्रातः डेढ़ पहर दिन चढ़ने पर आप साधुओं से बोले— साधु आ रहे हैं उनके सम्मुख जाओ। इसी प्रकार उन्होंने दो तीन बातें और कहीं। लोगों ने सोचा— 'स्वामीजी का ध्यान साधुओं में है।" करीब एक मुहूर्त बीता होगा कि दो साधु तृषावस्था में पधारे। इन दो संतों में एक वेणीरामजी थे और दूसरे कुशालजी। वेणीरामजी का चातुर्मास पाली में था। स्वामीजी के संथारे का समाचार पाकर वे तुरन्त रवाने होकर शीघ्र यहाँ स्वामीजी के दर्शन के लिये पहुँचे थ। इस सारी घटना का वर्णन इस रूप में मिलता है :

साधु आवे साहमां जावो मुनी प्रकासे वायं।
वले साधवीयां आवे वारें स्वामी बोले वचन सुहायं।
भवीयण नमो गुर भिखुवायं नमो भीखू चतुर सुजायं॥
के तो कह्यो घटकल उनमान के कह्यो सुध प्रमायं।
के कोइ अवधि ग्यान उपनो है जाणे सर्व नाथं। भवी॥

१—भिक्खु दृष्टान्त : दृ० १६२
२—वही दृ० १६१
३—वही दृ० १६४
४—वही : दृ० १६५

केइ नर मुख सू इम भाखे सांमी रा जोग साम्हा में भखीया।
एतमें एक महूर्त आसरे, साध आया हेम रुलीया॥
बकसत बकसत साम करि, षग लगावे सीस।
नरनारी आच्यों अचंभ उपनो सांमी वसवावीस॥
सांमी साधु आया आंखी मस्तक दीधो हाथ।
एतले हेम महूरत आसरे, आमो साचवीयां रो साथ॥
वेणीरामजी साध वडीता साथे कुसालजी आया।
साचवीयां मगनू की मां कासी की प्रथमें भीखू रा पाया। म ॥
परचा थूं थूं आम पुगे छ, नरनारी हरखत थावे।
जिन हो जिन पे मोटा मुनीसर, इस गुण भीख ना पावें[1] ॥

दोनों संतों ने आकर स्वामीजी को वंदन-नमस्कार किया। स्वामीजी ने उनके मस्तक पर अपना हाथ रखा।

मुनि वेणीरामजी ने नाना प्रकार से स्वामीजी के गुण-वर्णन किये और उनके परिणामों को तीव्र करते हुए बोले :

रिख वेणीदास इम विनवें रे, थारें होज्यो सरणा च्यार।
तुम सरणो भव भव रे, होज्यो बारंबार। भी ॥
भिखोइ भारत जिन तणो रे, भिखोइ कमायो आप।
दिन दिन इधिका दीपिया रे टाल्या मर्मा रा संताप। भी ॥
स्तुति अरिहंत सिध तणी रे, संभलाइ अधिकार।
कोण्यो मगन कीधां की भीखु तणी रे, इण अवसर मझार। भी ॥

मुनि वेणीरामजी ने स्वामीजी को शरणों का आधार दिया और अरिहंत देव और सिद्धों की स्तुति सुनाई। उन्होंने स्वामीजी का किस तरह गुण-गान किया इसकी झांकी निम्नोक्त रूप में प्राप्त है :

आया ते साध गुण गावें मांत-मांत प्रणाम चढ़ावें।
थे मोटा उपगारी मेहमा भारी आप तुम मोर गुण गावें॥
थ पका पका श्रावक इगाया गुण ध्याय बताया।
दांन दया आछा दीपाया बुधवंता मन भाया॥
सावद्य निरवद्य मला निबेर्या भेषा गुण प्रमाणं।
गुण ध्याय सरधा गुण सीधी, थारी अरिहंत आदं[2] ॥

१—भीखू चरित १ १-७

२—भीखू चरित १ ८१

द्वितीय आचार्य भारीमालजी स्वामी ने भी आपका बड़ा सम्मान रखा। एक बार आप अनेक संतों के साथ आपके सम्मुख पधारे।

(२) कृति परिचय

इस कृति में कुल १३ ढालें हैं और प्रत्येक ढाल में दोहों के अतिरिक्त गाथाओं की संख्या १३ ही है। दोहों की संख्या इस प्रकार है :

ढाल	१	दोहा	५	गाथा	१३
„	२		५		१३
„	३	„	५		१३
	४		७		१३
	५	„	६		१३
„	६		१		१३
	७		५		१३
„	८		५		१३
„	९	„	५		१३
„	१०		५		१३
„	११		४		१३
„	१२		५		१३
	१३		५		१३
			७२		१६९

प्रथम कृति की तरह इसकी ढालें भी भिन्न-भिन्न रागिनियों में हैं।

इस कृति का रचना-स्थान बगड़ी और समाप्ति-काल सं० १८६० की फाल्गुन बदि १३ बृहस्पतिवार है :

ए चरित कियो में भीखु भणसालीरो बगड़ी शहर मझार हो। महामुनि ॥
संवत अठारे साठा बरस में फागण विद तेरस गुरवार हो। महामुनि ॥

[1]इस कृति पर रचयिता का नाम मुनि वेणीदासजी लिखा है। उनका नाम वेणीरामजी ही सर्वत्र मिलता है पर उन्होंने स्वयं इस कृति में तीन स्थानों पर अपने को वेणीदास लिखा है। इसीलिये हमने कर्ता का नाम इसी रूप में रखा है।

१—ढा ११ दो १ ; ढाल ११ गा २ ; ढाल १२ गा ११

कृति का संक्षिप्त सार : संक्षेप में प्रत्येक ढाल की विषय-वस्तु इस प्रकार है :

प्रथम ढाल के दोहों में मंगलाचरण के बाद कुल-परिचय जन्म-स्थान और संवत् को देते हुये स्वामीजी के दीक्षा-ग्रहण करने तक का वर्णन है। बाद में आगमों के अध्ययन से स्वामीजी के मन में उस समय के साधु-जीवन के प्रति जिन कारणों से असंतोष उत्पन्न हुआ उनका संक्षिप्त उल्लेख है।

दूसरी ढाल के दोहों में स्वामीजी के मन में राजनगर चातुर्मास में जो विचार-क्रान्ति हुई और उन्होंने सत्य के निर्णय के लिए सर्व आगमों का बार-बार अध्ययन किया, उसका उल्लेख है। बाद में चातुर्मास की समाप्ति पर वे सोजत में आचार्य रुघनाथजी से मिले और जो चर्चा तथा वार्तालाप हुआ उसका वर्णन है। दूसरी बार बगड़ी में चर्चा हुई, जिसके फलस्वरूप स्वामीजी आचार्य रुघनाथजी के संघ से अलग हो गये वहाँ तक का वर्णन इस ढाल में है।

तीसरी ढाल के दोहों में बगड़ी के क्षत्रियों में जो चर्चा हुई, उसका उल्लेख है। इसके बाद बखल की चर्चा का वर्णन है। फिर 'तेरापंथ' नाम कैसे पड़ा इसका वृत्तांत है। बाद में स्वामीजी ने केलवे में सं० १८१७ की आषाढ़ सुदी पूर्णिमा को जो नव दीक्षा ग्रहण की उसका वर्णन है। इस प्रथम चातुर्मास में जो संत साथ रहे उनका नामोल्लेख भी इस ढाल में मिलता है।

चौथी ढाल के दोहों में उत्तम श्रमण के लिये 'अनुयोगद्वार' और 'उत्तराध्ययन' में क्रमशः जो चौरासी और सोलह उपमायें दी हैं उनका उल्लेख कर ढाल में स्वामीजी के अनेक गुणों को उपमाओं द्वारा बड़े ही सुन्दर रूप में उपस्थित किया है। ये उपमायें कवि के आगम ज्ञान तथा असाधारण कवित्व-शक्ति को व्यक्त करती हैं।

पाँचवीं ढाल में शासन की उत्तरोत्तर वृद्धि का उल्लेख करते हुये स्वामीजी ने किन-किन देशों में विचरण किया उसका उल्लेख है तथा अन्तिम सिरियारी चातुर्मास के पूर्व के शेष काल के विहार का वर्णन है। इस अन्तिम सिरियारी चातुर्मास में स्वामीजी के साथ जो संत थे उनका नामोल्लेख है। स्वामीजी के श्रावण मास तक की शारीरिक अवस्था का वर्णन है।

छठी ढाल में भाद्र मास में हुई अस्वस्थता का वर्णन करते हुये पर्युषण पर्व में तीनों समय किस प्रकार व्याख्यान होता रहा इसका उल्लेख है। स्वामीजी ने भाद्र सुदी चौथ को किस तरह 'आयु समीप आ गयी है' इसका संकेत दिया और संयम में साथ देनेवाले संतों की प्रशंसा की इसका वृतांत है। इसके बाद स्वामीजी ने जो शिक्षा दी उसका उल्लेख है।

सातवीं ढाल में भारीमालजी आदि संतों को बुलाकर स्वामीजी ने अपने अतीत साधु-जीवन के प्रति परम संतोष की जो भावना व्यक्त की उसका उल्लेख है। और बाद में संतों ने साथ जो वैराग्यमयी बातें हुई और स्वामीजी ने जो पुनः उपदेश दिया उसका वर्णन है।

आठवीं ढाल में स्वामीजी ने किस प्रकार से आत्म-आलोचना की उसका हृदयग्राही चित्रण है।

नवीं ढाल में स्वामीजी के संलेखना तप का वर्णन है।

दसवीं ढाल में स्वामीजी के संथारे का वर्णन है। संथारे पर किस तरह त्याग-प्रत्याख्यान हुए, संतों को किस प्रकार व्याख्यान और उपदेश देने को कहा इन प्रसंगों की चर्चा है। स्वामीजी ने अपने परिणामों की दृढ़ता के सम्बन्ध में जो बातें कहीं तथा अन्त में जो चार चरम बातें कहीं उनका उल्लेख है।

स्वामीजी की कही हुई बातें किस प्रकार मिलीं उनका वर्णन ग्यारहवीं ढाल में आया है। मुनि वेणीरामजी और कुशालजी ने दर्शन कर किस प्रकार गुणगान किये स्वामीजी किस प्रकार पद्मासन लगाकर ध्यान मुद्रा में आसीन हुये और किस प्रकार इसी मुद्रा में उनका देहावसान हुआ इसका वर्णन है।

बारहवीं ढाल में स्वामीजी के पन्द्रह गाँवों के चौमासिक चातुर्मासों की इतिवृत्ति है।

स्वामीजी ने एक सौ चार प्रव्रज्यायें दीं लगभग अड़तीस हजार पद्यों की रचना की इसका उल्लेख तेरहवीं ढाल में है।

कृति की विशिष्टता : इस कृति की कई ढालों को यथार्थ में 'भिक्खु जस रसायण' में उद्धृत किया है। यह कृति अनुपम भक्ति तथा करुण रस से परिपूर्ण है। मुनि वेणीरामजी स्वामीजी के प्रमुख संतों में से एक थे। इस परिस्थिति में यह जीवन-चरित्र अधिकांशतः उनका आँखों देखा वर्णन है। अन्यत्र चातुर्मास होने पर भी संथारे के अवसर पर वे स्वामीजी के पास पहुँच गये थे और स्वर्गवास के समय उनके समीप रहे।

इस संग्रह में प्रकाशित मुनि हेमराजजी कृत 'भीखू चरित' और प्रस्तुत कृति को एक साथ पढ़ने से अनेक घटनाओं की परस्पर पूर्ति हो जाती है और स्वामीजी के जीवन का पूरा चित्रण मिल जाता है। दोनों ही कृतियाँ साहित्यिक प्रभा से परिपूर्ण हैं। मुनि हेमराजजी और आप दोनों ही कवि उस समय के साहित्यिक संतों में अग्रस्थान रखते थे। आपकी अन्य कृतियाँ तो उपलब्ध नहीं हो सकीं। इसलिये प्रसंगवश भी हम उनका संक्षिप्त परिचय नहीं दे पा रहे हैं। 'बीस बहरमान' की ढाल जो कि सं० १८५६ के चातुर्मास में रचित है, सम्भवतः आपकी ही कृति है। इस ढाल को तेरापंथ आचार्य चरितावलि के द्वितीय खंड में मुनि हेमराजजी रचित बताया गया है परन्तु यह भूल है। कारण यह है कि १८५६ में मुनि हेमराजजी का चातुर्मास गिरियारी में था पीपाड़ में नहीं जहाँ यह ढाल रची गई थी।

प्रकाशन : यह कृति 'भिक्षु जस रसायण' (द्वितीय भाग) में संवत् १९८२ में प्रकाशित हुई थी। प्रस्तुत प्रकाशन तृतीय आचार्य ऋषि रायचन्दजी की हस्तलिखित प्रति से मिलाकर किया गया है।

३ भिक्खु जश रसायण

(१) रचयिता का परिचय

श्रीमद् जयाचार्य का जन्म-नाम जीतमलजी था। आपने अपनी कृतियों में अपना उपनाम 'जय' रखा इसलिए आप जयाचार्य के नाम से प्रसिद्ध हुए। आप जाति के ओसवाल गोलेछा थे। आपके पिताजी का नाम आईदानजी गोलेछा और माता श्री का नाम कल्लूजी था। आपका जन्म मारवाड़ राज्य के रोयट ग्राम में सं० १८६० के आश्विन सुदी १४ को रात्रि बेला में हुआ था। आपके सबसे बड़े भाई का नाम सरूपचन्दजी और उनसे छोटे भाई का नाम भीमराजजी था। आपके पिताजी का देहान्त आपके प्रव्रजित होने के पहले ही हो चुका था।

(१) दीक्षा : सं० १८६९ में आचार्य भारीमालजी का चातुर्मास जयपुर में हुआ। अस्वस्थता के कारण आप फाल्गुन तक वहीं विराजे। जीतमलजी की दीक्षा इसी साल माघ वदी ७ को हुई। आपके बड़े भाई सरूपचन्दजी इसी साल पौष सुदी ९ के दिन दीक्षा ले चुके थे। दूसरे बड़े भाई भीमराजजी की दीक्षा आपके बाद मिती फाल्गुन वदी ११ को हुई और इसी दिन आपकी माता कल्लूजी ने भी दीक्षा ले ली। इस तरह पौष सुदी ९ से लेकर फाल्गुन बदी ११ तक करीब डेढ़ महीने के भीतर सारा परिवार दीक्षित हो गया।

जीतमलजी महाराज की बुआ अजबूजी पहले से ही दीक्षित थीं। इनकी दीक्षा श्रीमद् आचार्य भीखणजी स्वामी के शासनकाल में सं० १८४४ में हुई थी। ४२ वर्ष की दीक्षा-पर्याय के बाद सं० १८८६ में इनका देवलोक हुआ। इनके विषय में पुरानी ख्यात में लिखा है : "भणी गुणी पक्की विनयवंत। उज्जैन क्षेत्र में धर्म-प्रचार आपने ही किया। उपर्युक्त वर्णन से पाठकों को सहज ही मालूम होगा कि श्रीमद् जयाचार्य का जन्म कैसे दृढ़ धर्मनिष्ठ-सम्पन्न कुल में हुआ था।

श्रीमद् जयाचार्य की दीक्षा द्वितीय आचार्य भारीमालजी के शासनकाल में ऋषि रायचन्दजी के हाथ से हुई थी। उनके हाथ से सब प्रथम दीक्षा आपकी ही हुई। आप चतुर्थ आचार्य हुए और अन्तिम दीक्षा मुनि मघराजजी की हुई जो पंचम आचार्य हुए।

(२) शिक्षा और अध्ययन : दीक्षा के बाद आप शिक्षा के लिए मुनि हेमराजजी को सौंपे गये। वे ही आपके विद्या-गुरु थे। उनके चरणों में रहकर अल्पकाल में ही आपने अपूर्व आत्मज्ञान प्राप्त किया। आपने अपने विद्या-गुरु की अध्यापन-शक्ति का वर्णन करते हुए एक जगह कहा है— 'उनमें बिन्दु को सिन्धु करने की शक्ति थी।' दूसरी जगह कहा है— 'हेमराजजी सच्चे हेम—पारस थे। उनके संसर्ग से ही अपूर्व गुण आ जाते थे।' ऐसे अद्भुत उपाध्याय से शिक्षा पाकर आप भी एक महान् विचक्षण पुरुष निकले।

(१) बाल विचक्षण : बाल्यावस्था से ही आप एक असाधारण प्रतिभाशाली साधु थे। आपकी बुद्धि बड़ी तीक्ष्ण थी। आपमें सहज अध्यात्म था। आप बड़े परिश्रमी थे और स्वाध्यायी भी। आपका हृदय बड़ा गुणग्राही था। पुरानी बातों के संग्रह का आपको बाल्यावस्था से ही बड़ा शौक था। अपने विद्या-गुरु मुनि हेमराजजी से पुरानी बातों को ग्रहण कर आपने अपने पूर्व तीन आचार्यों के शासन-काल के इतिहास को बहुत सुन्दर क्रम से ग्रंथ-बद्ध किया।

आपकी दीक्षा केवल ६ वर्ष की अवस्था में हुई थी। आपकी ११ वर्ष की अवस्था की बात है। आप अपने विद्या-गुरु मुनि हेमराजजी के साथ पाली में विराज रहे थे। शहर पर झुकती हुई एक हाट में ठहरे हुए थे। हाट के सामने ही एक सोनार की दूकान थी। एक बार एक खिलाड़ी उस रास्ते में आकर अनेक तरह के खेल दिखाने लगा। खेल देखने के लिए बूढ़े-बूढ़े लोग भी आकर जमा हो गये। सोनार की हाट भर गई। आप उस समय कुछ लिख रहे थे। खेल के ढोल आदि बजते रहने पर भी आपने लिखने में ही अपना ध्यान एकाग्र रखा। बालक होने पर भी खेल की ओर आँख उठाकर भी नहीं देखा। एकध्यान—एकचित्त से अपना कार्य करते रहे। बालक साधु की इस अपूर्व और आश्चर्यकारी एकाग्र-वृत्ति को देख कर सोनार की हाट में बैठा हुआ एक वृद्ध अचंभित हो रहा था। वह अपने साथियों से बोला—"इस सम्प्रदाय की नींव १०० वर्ष की तो पड़ गई। जब साथियों ने उसकी इस बात का रहस्य पूछा तो उसने जवाब दिया—"जिस सम्प्रदाय में ऐसे उत्कृष्ट वैरागी बालक संत हैं उसे चिरायु ही समझो। जिस खेल को देखने के लिए हम लोग बड़े-बूढ़े लपक गए, उसे देखने के लिए इस बालक ने मुँह तक नहीं फेरा कितनी आश्चर्यजनक एकाग्रता है इस बालक साधु की! इस एकाग्र-वृत्ति ने आपके जीवन में महान गुण पैदा कर दिए। आपकी वृत्तियाँ शुरू से ही जो अध्यात्म और तत्त्वज्ञान की ओर मुड़ीं सो अन्त तक उत्तरोत्तर अधिक प्रतिभा के साथ अपना प्रकाश फैलाती रहीं। अध्यात्म की इस अखण्ड एकाग्र साधना के कारण ही आप 'योगिराज' कहलाये। आप बाल रवि की तरह उत्तरोत्तर तेज और ज्ञान से दीप्त हुए। आपने गण का केवल १०० वर्ष की आयु ही नहीं दी परन्तु अपने यशस्वी आचार्य-काल में उसकी कीर्ति दिग्दिगंत में फैला कर एवं भविष्य के लिए अमर साहित्य की विरासत छोड़ कर उसे अमर बना दिया।

बाल्यावस्था से ही आपमें हिम्मत और साहस भी खूब था। श्रीमद् आचार्य भारीमालजी भावी आचार्य-पद के लिए दो संतों के नाम लेते—खेतसीजी और रायचन्दजी। वृद्ध हो चुकने पर भी उन्होंने युवराज नहीं बनाया। संतों की इच्छा हुई कि एक नाम निर्धारित करने के लिए अर्ज की जाय। पर किसी की हिम्मत नहीं पड़ती थी कि आचार्य श्री से जाकर यह अर्ज करे। आपने जब यह सुना तो अर्ज करने का भार तुरन्त अपने ऊपर ले लिया। आपने अपना चोल पट्टा कमर में कस लिया और अन्य संतों के आगे हो अर्ज करने के लिए आचार्य श्री के सम्मुख आकर खड़े हो गये। बालक साधु की इस वेष-सज्जा को देख कर आचार्य श्री हँसने लगे

और श्रम करने की आज्ञा दे दी। इस पर आपने निर्भीकता और निःसंकोच भाव से एक भावी 'पट्टधर' घोषित करने की आवश्यकता की अज विनम्र शब्दों में की। जो कार्य वयप्राप्त सतों को करना कठिन हो रहा था उसे आपने सहज साहस से कुशलतापूर्वक कर दिखाया। बाल्यावस्था से ही आपमें असाधारण ओज और प्रतिभा थी।

आपमें ११ वर्ष की अवस्था में ही कवित्व शक्ति का प्रादुर्भाव हो गया और वह अपनी असाधारण छटा दिखाने लगी। आप एक संस्कारी कवि थे। यह प्रतिभा आगे जाकर बड़े ही बहुमुख रूप से चमकी। आप अपनी रचनाओं में तत्त्वज्ञान और अध्यात्मरस की स्रोतस्विनी बहा गए।

(४) उत्तरोत्तर उत्कर्ष : दीक्षा के बाद १२ वर्ष तक आप निरन्तर हेमराजजी महाराज के सिंघाड़े में रहे और इन वर्षों में घोर परिश्रम कर आपने गहरा विद्याध्ययन किया। पन्नवणा सूत्र तात्त्विक दृष्टि से बड़ा ही गम्भीर और कठिन सूत्र है। आपने १८ वर्ष की अवस्था में तो इस सूत्र का राजस्थानी भाषा में पद्यानुवाद ही शुरू कर दिया।

आपकी अपूर्व प्रतिभा पाण्डित्य व्यवस्था-शक्ति और वात्सल्यता को देख कर तृतीय आचार्य ऋषि रायचन्दजी ने आपको सं १८८१ के पौष सुदी ३ को पाली में सिंघाड़पति बना दिया। उस समय आपकी अवस्था केवल २१ वर्ष की थी।

आपकी माता श्री सती कल्लूजी का देहावसान सं १८८७ के सावन सुदी ११ को खेर गांव में हुआ। आपको एक पहर का संथारा आया। आर्या कल्लूजी के देहावसान के समय आपकी उमर २७ वर्ष की थी।

आपको सं० १८९३ में युवराज पदवी प्रदान की गई। उस समय आपकी अवस्था केवल ३३ वर्ष की थी।

(५) विद्या-रसिकता : सं १९०३ में मुनि श्री हेमराजजी के साथ आपका चातुर्मास श्रीजीद्वार में हुआ। इसी चातुर्मास में मुनि हेमराजजी ने भीखणजी स्वामी के विविध दृष्टान्त और संस्मरण आपको सुनाये और आपने उन्हें लिपिबद्ध किया। दृष्टान्त और संस्मरणों का यह संग्रह आज एक अनमोल धरोहर है और स्वामीजी की बहुमुखी विशेषताओं पर अपूर्व प्रकाश डालता है। आप एक जन्मसिद्ध इतिहासकार थे। आपने गण सम्बन्धी पुरानी बातों को संग्रहीत कर बड़े ही प्रामाणिक रूप से अपनी कृतियों में भर सदा के लिये उन्हें सुरक्षित कर दिया है।

सं १९०४ में आपका चातुर्मास जयपुर में था। चातुर्मास के बाद भीलाड़े होते हुए केलवे पहुंच आपने मुनि हेमराजजी के दर्शन किए। इस प्रसंग का उल्लेख करते हुए आपने स्वयं लिखा है :

विविध मुनी वारता होमी हम लिखाइ ताय
हेम आप पुष पोरसो कोई समुद्र जेम थोभाय

इस प्रसंग से यह प्रकट है कि आप पुरानी बातों की बराबर खोज करते रहते थे और जब कभी मौका मिलता तो वे ऐसी बातों को लिख लेते। हेमराजजी महाराज भी अपना समुद्र-सा अगाध ज्ञान अपने इस गुणवान शिष्य को मुक्त-हस्त से देते थे। वास्तव में आप उन्हींकी अनन्य कृति थे। आपकी सहज प्रतिमा ऐसे अद्वितीय विद्या-गुरु को पाकर ही अपर्व छटा के साथ मुखरित हो सकी थी। अपने विद्या-गुरु की महान् ज्ञान वारिधि को आप अगस्त्य ऋषि की तरह पी गए थे। आप महान् मेधावी थे। आप जैसी धारणा-शक्ति विरले ही व्यक्ति को होती है। आपमें जिज्ञासु वृत्ति बहुत थी और मुनि हेमराजजी में बताने की। एक अपनी जिज्ञासु वृत्ति और विनय वृत्ति से आदर्श शिष्य थे और दूसरे बताने की उदारता और ज्ञान पारमिता से महान् गुरु। एक बताने में बृहस्पति थे और दूसरे ग्रहण करने में। मुनि हेमराजजी के अन्तिम दिनों की घटनाओं से गुरु-शिष्य दोनों की इस प्रवृत्ति पर और भी अधिक प्रकाश पड़ता है।

सं १९०४ के जेठ महीने में मुनि हेमराजजी सिरियारी पधारे और जेठ बदी १३ के दिन से वे बीमार रहने लगे। आप एक दिन बाद जेठ बदी १४ को सिरियारी पहुंचे। १३ के दिन मुनि हेमराजजी को श्वास का दौरा आ चुका था तो भी १४ के दिन उन्होंने आपसे नाना तरह की महत्त्वपूर्ण बातें की। १४ की रात में श्वास का विशेष प्रकोप रहा और फिर १५ की रात में भी दौरा आया। जेठ सुदी १ के प्रातःकाल फिर चैन हुआ। साता होते ही फिर गुरु-शिष्य में अनेक संवाद हुए। आपने इस संबंध में लिखा है :

> रात्री श्वास फिर बधियो एकम दिन प्रभात।
> फिर साता हुई स्वाम रे, वातां करी विख्यात॥

इस वार्तालाप में एक पहर दिन चढ़ गया था।

इसी वार्तालाप के प्रसंग की एक बात इस प्रकार है : आपने मुनि हेमराजजी से कहा— 'यदि आपके साता हो जाय तो इस वर्ष १५ संतो से सिरियारी में चातुर्मास करें। यदि आहार की कमी रहेगी तो श्रावण और भाद्र मास में हम कई संत एकान्तर कर लेंगे। आश्विन कार्तिक में अब रास्ते साफ हो जायगे तो आस-पास के अन्य गांवों से गोचरी कर ली जायगी। यह सुन कर मुनि हेमराजजी बड़े ही हर्षित हुए। बोले— 'मैं भी ११ उपवास कर लूंगा। तुम लोगो ने यह बात बहुत अच्छी विचारी।

आप मुनि हेमराजजी के पास रह कर अनेक बातें धारण करना—हासिल करना चाहते थे और इसके लिए एकान्त उपवास करने तक के लिए तैयार थे। यह आपकी विद्यारसिकता थी। आपके जीवन का यह प्रसंग ज्ञानार्जन के लिए आपकी उत्कट इच्छा और कठोर साधना का एक ज्वलन्त उदाहरण है।

ज्येष्ठ सुदी प्रतिपदा के दिन तीसरे पहर मुनि हेमराजजी के श्वास का प्रकोप अधिक हो गया। चौथे पहर कम हुआ तो फिर अनेक तरह की बातचीत हुई। रात में व्याख्यान के बाद

अनेक त्याग-वैराग्य की बातें हेमराजजी महाराज ने बतलाई। शिष्य किस तरह ज्ञान-तृषित और गुरु किस तरह ज्ञान उदार था—यह उपरोक्त प्रसगों से साफ प्रकट होगा।

इस तरह ज्ञानार्जन कर आप प्रकांड पण्डित हुए। आपने सं० १८०० में चौबीस तीर्थंकरों की २४ स्तुतियाँ रचीं जो 'जिन-चौबीसी' के नाम से प्रसिद्ध हुई। मुनि हेमराजजी ने अपनी अस्वस्थता में यह अभिग्रह लिया कि रोग मिटते ही वे चौबीसी कण्ठस्थ करेंगे। यह घटना आपके लिए बड़ी गौरवास्पद है। विचक्षण महापण्डित गुरु के मुख से अपने ही शिष्य की कृति कण्ठस्थ करने की बात शिष्य के लिये अवश्य ही एक बड़ी-से-बड़ी कीर्ति की बात है। आप ऐसी कीर्ति के भाजन हुए, यह आपके पाण्डित्य और विद्या रसिकता की यशोगाथा है।

आप बड़े ही स्वाध्याय प्रेमी थे। सभी सूत्रों का आपने कई बार आद्योपान्त गहरा अध्ययन किया। सूत्र-स्मार्गी टीका आदि सब ग्रन्थों का मनन कर आपने अपने पाण्डित्य को बड़ा ही गंभीर बना लिया था। ग्रंथ अवलोकन आपका एक व्यसन-सा था। यह सुनने में आता है कि आपने प्राय एक पहर से अधिक नींद नहीं ली। सब संतों के सो जाने के बाद प्राय एक पहर बाद सोते और एक पहर रात्रि रहते उठ जाते। प्रभात के पूर्व के एक पहर में आप चिन्तन करते। रोज ५०० गाथाओं की आवृत्ति का आपने नियम-सा कर रखा था। ऐसे ही सतत अनुशीलन से आपका बहुश्रुतित्व अजोड़ हो गया था।

आप रागिणियों के राजा थे। शुद्ध राग को बहुत पसन्द करते थे। आपकी कृतियाँ प्रसिद्ध रागिनियों में हैं। उनमें अमृत की तरह मधुर रस भरा हुआ है। जब कोई राग शुद्ध नहीं बैठता या कोई राग सीखना होता तो आप अच्छे-से अच्छे जानकार से उसे ग्रहण करते। इस गुणग्राहिता के कारण ही आप अद्भुत मधुर गानमय छन्द दे सके। आपकी कृतियाँ प्रसाद गुण से ओत-प्रोत हैं।

संस्कृत अध्ययन की आपकी बड़ी इच्छा रहती। जब कभी संस्कृतविद् पण्डित का ससर्ग होता तो आप उससे पूछने की बात पूछ लेते। इसी तरह संस्कृत अध्ययन कर आपने जैन-सूत्रों की संस्कृत टीका आदि को अच्छी तरह समझने का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। आपकी राजस्थानी भाषा की रचनाओं में संस्कृत का घना प्रभाव दिखाई देगा।

(५) विद्या गुरु से उऋण : अन्तिम समय में आपने अपने विद्या-गुरु को बड़ा ही सहारा पहुँचाया। जेठ सुदी १ की रात्रि के पिछले पहर के समय आपने मुनि हेमराजजी को आलोचना कराने की सोची। आपने सोचा :

> छदि कीन मन मैं विचारियो हो भाउगारी खबर न काय।
> हिवड़ा तो बहम दिसे नहीं हो तो फिर कर बेठे उपराय॥

यह घटना आपकी दूरदर्शिता का बड़ा अच्छा परिचय देती है।

यह विचार कर आपने बड़े ही सुन्दर ढंग से पाठोच्चारण करवा कर मुनि हेमराजजी से आत्मालोचना करवाई। आत्म-शुद्धि किस तरह की जानी चाहिये—जैसे भार उसके एक

धुरन्धर विशेषज्ञ हों। आप आत्म भावनाओं को निर्मल करने की कला में पारंगत थे।

उपरोक्त आलोचना के बाद मुनि हेमराजजी और आपमें बड़ा ही रसप्रद और वैराग्य-भावपूर्ण वार्तालाप हुआ। विस्तार का भय होते हुए भी उसे ज्यों-का-त्यों यहाँ उद्धृत करने का लोभ-संवरण नहीं किया जा सका है :

हेम कहै आज रात का हो, भयंक रही थी वाय।
तिण सूं निद्रा पिण पूरी आई नहीं हो इम कहै जीत में आय॥
जदि जीत कहै स्वामी हेम नें हो सांभलज्यो महाराज।
या वेदन सम परिणामां सह्यां हो मोटिका तप समाज॥
ठाणायंग चौथे ठाणे तणो हो पाठ कह्यो तिण वार।
कष्ट वेदना आयां सह्यां हो, इम सिखवे अणगार॥
तीर्थंकर वेदन सहु समपणे हो, त्यांरी शरीर रोग रहित।
ते पिण लेवे कष्ट उदीरीने हो, घोर तप करे हुय सहित॥
तो कष्ट ओपाधिक रोग नो हो हूं किम न सहूं समचित्त आज।
सम परिणामा भोगव्यां विना हो एकन्त पाप सिकाज॥
कष्ट ओपाधिक तथा ब्रह्मचर्य नो ही, तथा रोगादिक वेदन जाण।
सम परिणामां भोगव्यां हो, एकंत निर्जरा पिछाण॥
इण विध साख जितवे हो कह्यो ठाणा अंग मझार।
हेम नें अर्थ सुणाविया हो पाम्या हर्ष अपार॥
वली उत्तराध्ययन पांचमें अध्ययने हो सकाम मरण अधिकार।
गाथा सुणाई हेमने हो अर्थ सहित विस्तार॥
मरण आयां थकां महामुनि हो रागे अधिक उमेद।
मन करी कंप तथा करे नहीं हो वंछे शरीर नो भेद॥
सोमवन्ता प बहुश्रुति हो मरण की आस न पाय।
पहिलो प्रणाम हुंतो जिसा हो अन्त समय अधिकाय॥
तन सूं शरीर विखेरले हो सकाम मरण मरे जाण।
पादुगमण इंगत मरण सूं हो अथवा भक्त पचखाण॥
उत्तराध्येन पंचम भणे हो, एम कह्यो वर्धमान।
हेम सुणी हर्ष्या घणा हो, वराग रस गलतान॥
वलि जीत कहै स्वामी हेम ने हो जिन वरणी अणगार।
ते सबे कष्ट उदीरने हो भय नहीं आणे लिगार॥
पांग पी भांगे नाड़ी नहीं हो भांगे पग की न कांत।
पनी कष्ट सबे उदीरने हो जिनकल्पी महा सन्त॥

इसी वेदना तो किसे नहीं हो जब इम बोल्या इम वाय।
इसी वेदना तो म्हारे नहीं हो जिनकल्पी सरिखी ताय॥
मेघ सरिखा महामुनि हो कियो पादोपगमन संथार।
ते आंख पिण टमकारे नहीं हो एक मास ताईं इकधार॥
ए तन महीना पछे ही छोड़णो हो तो आप्या महीनां पहली छोड़ों एह।
छोड़ी में जीव छतां शरीर नी हो सार संभाल तजेह॥
इसा कष्ट सह्या छै महामुनि हो, ते वेदन में तुच्छ जाण।
हेम सुणी हर्ष्या घणा हो उचित रस गलताण॥
ए मरण छ हो तो मोक्षण मधे हो छूटे अशुच तन एह।
सोच करे किण वात रो हो भाखी वस्तु नहीं छै बेह॥
भागे असंख्याता काल में हो इसा कष्ट तप्यो नहीं काम।
जीव जावे शिवपुर तणी हो, तिण सूं मृत्यु मोक्षण अभिराम॥
हेम हृद धर पूछियो हो मृत्यु मोक्षण है ताम।
जीत कहै मृत्यु मोक्षण सही हो पण्डित मरण सकाम॥
ए शरीर विणसे सही हो तिण रो तो इचरज नांय।
इता वर्ष रह्या अठा हो इचरज एह कहिवाय॥
देख तणा मनुष्य आवने हो खास मनुष्य भेला हुआ आय।
एक मास पछी भेली विलसो हो गया आपरे ठिकाय॥
ते मनुष्य विखरिया देखणो हो अचरज नहीं छ लिगार।
एक मास ताईं भेला रह्या हो, इचरज ए अवधार॥
अनन्त परमाणु भेला थई हो शरीर बण्यो छ एह।
इता वर्ष भेला रह्या हो हिव विणसे छ तेह॥
पुद्गल रो मलण विखण स्वभाव छ हो विणसे तिणरो इचरज नांय।
इता वर्ष ए पुद्गल रह्या हो, इचरज ते कहिवाय॥
तिण कारण ए तन छूट देखणो हो सोच नहीं छ लिगार।
इत्यादिक घणी वार्ता सुणी हो हेम पाम्या करार अपार॥
घणो हर्ष घरी में इम कहै हो, धुन धुन रे सतीदास।
सोभग करामनी धारता हो, धनि कहै जीत विमास॥
सुविणा जम्या सुविणा फला हो, भली करणी रा भला फल होय।
दुविणा जम्या दुविणा फला हो, भूंडी करणी रा भूंडा फल जोय॥
इम गुण हेम बोल्या तदा हो, इम कह्यो जयपुरवासी जाण।
देख जीतमल शुश्रूषा स्वामी किस्या हो किसी विचारणा पिछाण॥

यह पिछली रात का प्रसंग है। सूर्योदय के बाद आपने जो काम किया उसका वर्णन इस प्रकार है :

सतीदासजी आद साधाँ भणी हो, सीख बोल्या इम आय।
म्हारी दिसां आप पाछा आयने हो औषध देवोला ताय॥
इम कही हाठ थी उठल्या हो मोड़ी पसेवड़ी चीत।
मोखो सेई दिसां नें त्यारी थया हो, साथ साध उभा सुवनीत॥
बलि चीत मनमें विचारियो हो स्वामी दिसां पधारुया ताय।
सेर भी सांस बध गया हो तो औषध देई पछ दिसां जाय॥
इम चिन्तव बेठो हाठ नें चिप हो स्वामी दिसो जाय सुरीत।
पाछा बठा बाजोट ऊपरे हो स्तने आयो आउखो अचिन्त॥
तन मांहीं परसेवो थयो हो बाध्यो सांस असेप।
बठा बाजोट ऊपरे हो उत्पिण बिना संपेख॥
हाथ सूं छानी करी तदा हो, अमल मांग्यो चीत पात।
चीत लियो अमल हाथ में हो आप मुख मांहि म्हेल्यो विमात॥
मुख में म्हेलनें चिगलतां हो पुद्गल दीधा पलम्या पेख।
अचरज चीत उचराविया हो स्वामी मुख विवेक॥
आप चीत कही स्वामी आपने हो होम्यो सरणा च्यार।
अरिहन्त सिद्ध साधु धर्म नो हो, कही जैन स्वर विस्तार॥
बसे बराम्पनी आवता हो सुणावे विविध प्रकार॥
थोड़ी बेल्यां रो अन्त रह्यो मद्ध हो मारी मुख पामता सिद्धो साद्ध॥
पछ च्यार ही आहार पचखावनें हो जिम दे सरणा सुखसाज।
आयरे मही में चमता रमा हो हेम जामे भमराज॥
आप मनीराम धर्मचन्द में हो हस्त सहारे मुनि हेम।
समाधि मरण सह्यो भलो हो निर्मल ज्यांरा नेम॥

उपर्युक्त प्रसंग में आपके जीवन के कई पहलुओं पर बड़ा सुन्दर प्रकाश पड़ता है। आप कितने गहरे आत्मज्ञानी थे—यह उपर्युक्त घटना से साफ प्रकट है। आप एक सेनापति के रूप में प्रकट होते हैं जो घोर संग्राम के समय भी पौरुष और वीरता को कायम रख सकता है। आपने मृत्यु को महा महोत्सव और जीवन को एक मेला—पुद्गलों का संयोग—बतलाया है। आपने अपने उपदेश से अपने विद्या-गुरु के हृदय में संवेग-रस की स्रोतस्विनी बहा दी। उस वेदना के समय भी वैराग्योत्पादक वाणी के चमत्कारपूर्ण कथन से मुनि हेमराजजी का रोम-रोम हर्षित कर दिया। आप एक वैरागी कवि और अनूठे आत्मज्ञानी थे। आप सूत्रों के महान् अध्ययनकर्ता और अध्यात्म रस के निर्झर थे। घटनाओं का हूबहू वर्णन आपकी लेखनी के लिए एक सहज

बात थी। जैसे भाव और राग आपकी कलम की नोंक के इशारे पर नाचा करते। आप एक महान् धन्वन्तरि वैद्य थे जो आत्मिक कष्टों को हरण कर परम सुख की धारा बहा देते।

आपके हृदय में कृतज्ञता का भाव कूट-कूट कर भरा था। जिस महान् गुरु ने आपको महान् बनाया उसके प्रति आपने जो श्रद्धांजलि अर्पित की है वह अनूठी है। आप एक जगह कहते हैं

मुनिवर रे मो स उपकार कियो घणो रे, कह्यो कठा लग जाय हो लाल।
निश-दिन तुम गुण समरूं रे, बस रह्या मो मन मांय हो लाल॥
मु रे सुपने में सूरत स्वाम नी रे, देखत पामें प्रेम हो लाल।
याद कियां हियो हुलसे रे, म्हारी प्रात केम हो लाल॥
मु रे हूं तो बिन्दु समान थो रे, तुम कियो सिन्धु समान हो लाल।
तुम गुण कबहु न बिसरूं रे निश दिन धरूं तुम ध्यान हो लाल॥
मु रे साचा पारस थे सही रे, कर देवो आप सरिस हो लाल।
बिरह तुम्हारा दोहिलो रे आप रह्या जगदीश हो लाल॥
मु रे जीत तणी जय थे करी रे, विद्यादिक विस्तार हो लाल।
निपुण कियो सतीदास ने रे, वलि मघ सन्त अधिकार हो लाल॥
मु रे स्वाम गुणा रा सागरु रे किम कहिये मुख एक हो लाल।
ऊंडी तुम आलोचना रे, भारी तुम विवेक हो लाल॥
मु रे भवजल आचार्य आपमयी रे, त पामी एकम बार हो लाल।
मात मेर मन बस किया रे, नित्य कीजे नमस्कार हो लाल॥

अपने विद्या-गुरु के देहान्त के बाद आपने उनका नव रस पूर्ण एक सुन्दर काव्य चरित लिखा है। यह चरित-ग्रन्थ साहित्यिक दृष्टि से बड़ा ही अनोखा है। मुनि हेमराजजी के परलोक गमन के करीब २ महीने के बाद अर्थात् सं १९ ५ के श्रावण वदी ११ को आपने इसे जयपुर में सम्पूर्ण किया। आप चरित लेखन में बेजोड़ थे। आप एक महान् इतिहासकार थे जो सूक्ष्म से सूक्ष्म बात को भी सम्पूर्ण ब्यौरे के साथ लिख लेने की असाधारण प्रतिभा रखते थे।

(७) शासन-काल और प्रचार क्षेत्र आचार्य श्रीमद् रायचन्दजी महाराज का देहावसान मिती माघ सुदी १४ को हुआ और उसके दूसरे दिन अर्थात् सं १९ ८ साल की माघ सुदी १५ बृहस्पतिवार को प्रातःकाल पुष्य नक्षत्र में आप शासनाभिषिक्त हुए। आपने करीब ३० वर्ष तक शासन भार वहन किया। तीस वर्ष के इस शासन-काल में आपने अनेक प्रदेशों में भ्रमण किया। मारवाड़, मेवाड़, मालवा कच्छ, गुजरात हरियाना दिल्ली हाड़ोती ढूंढाड़, थली आदि प्रदेश आपके विहार-स्थल रहे। आपके शासन-काल के चातुर्मासों की विगत इस प्रकार है:—

स्थान	चातुर्मासों की संख्या	सम्वत्
जयपुर	४	१९ ६,२८ ३७ ३८
नाथद्वार	१	१९१०
रतलाम	१	१९११
उदयपुर	१	१९१२
पाली	२	१९१३ २२
बीदासर	८	१९१४ १७ २३ २६ २९,३० ३५ ३६
लाडनूं	६	१९१५,१८ २७ ३२ ३३ ३४
सुजानगढ़	४	१९१६ १९,२४ ३१
चूरू	१	१९२
जोधपुर	२	१९२१ २५

इस दीर्घ शासन-काल में आपने धर्म का बड़ा ही उत्थान किया। हजारों गृहस्थों को श्रावक-व्रत धारण करवाया। सहस्रों को सुलभ बोधि किया। आपके शासनकाल में १ ५ साधु और २२४ साध्वियों की दीक्षा हुई। उस समय सतियों में मुखिया साध्वी सरदारांजी थीं।

(८) महाप्रयाण आपका ३ वर्ष व्यापी सुदीर्घ शासन-काल बड़ा ही अभ्युदयशील रहा। आपके शासन-काल में अनेक महत्त्वपूर्ण घटनाएं घटीं। आपका यश अनेक देश-प्रदेशों में फैला। तात्कालिक जयपुर नरेश श्रीमान महाराज मानसिंहजी आपको अपना गुरु मानते थे। इनमें वेश बदल कर रात में गश्त लगाने की आदत थी। जब श्री श्रीमद् जयाचार्य जयपुर में विराजते तो रात के समय गुप्त वेष में आप दर्शनार्थ पहुँच जाते। एक बार द्वारपाल को सन्देह हुआ और उसने जयपुर के प्रसिद्ध श्रावक लालाजी को खबर दी। दूसरी बार जब महाराज फिर दर्शन करने के लिए आये तो लालाजी भेंट लेकर द्वार के पास खड़े हो गये और उनके वापस जाने की प्रतीक्षा करने लगे। जब महाराज लौटने लगे तो उन्होंने उनके सम्मुख भेंट उपस्थित की। उस समय महाराज साहब ने कहा—"यहाँ यह भेंट कैसी? मैं तो यहाँ गुरु-दर्शन के लिए आया हूँ। दिन में कई विचार रहते हैं इसलिए रात का अवसर निकालता हूँ।" यह कह कर उन्होंने भेंट लेना अस्वीकार कर दिया।

आपका अन्तिम चातुर्मास जयपुर में हुआ। श्रावण मास में आपको अन्न-अरुचि हो गई। गले में गाँठ निकल आई और दस्त की शिकायत रहने लगी। भाद्र मास में ये शिकायतें और बढ़ गई। अब आपको अंत समीप दिखाई देने लगा। भाद्र सुदी ५ और ६ को आपने स्वमुख से आलोचना की उच्च स्वर में चौरासी लाख जीव योनियों से क्षमतक्षामणा कर व्रत आरोपण और दुष्कृत निन्दा की। चारों शरणों का आधार लिया। वेदना को आप बड़े ही समभाव से सहन कर रहे थे। द्वादशी की शाम का जल उपरांत आगारी अनशन कर लिया। द्वादशी को दोपहर से कुछ पहले पट्टधर मघराजजी से जीवन पर्यन्त के लिए तिविहारी संथारा ग्रहण किया और अन्त समय में चौविहारी संथारा। सं १९३८ के भाद्र वदी १२ को सायंकाल आप देवलोक सिधारे।

जयपुर शहर में चाँदपोल नामक स्थान है। वहाँ से केवल जयपुर दरबार की ही रथी निकल सकती थी। बैकुण्ठी भी राजकुल की ही निकल सकती थी। जयाचार्य के महाप्रयाण के कुछ दिन पूर्व ही लालाजी—भक्तलालजी का स्वर्गवास हो चुका था। उधर जयपुर नरेश श्रीमान् मानसिंहजी का भी देहान्त हो चुका था। लालाजी की धर्मपत्नी ने महारानी से मिल कर यह बात बतलाई कि दिवंगत महाराज जयाचार्य को किस तरह धर्मगुरु मानते थे। महारानीजी को सारी बातें मालूम थीं। उन्होंने कहा—"जो महाराज के धर्मगुरु थे वे हमारे भी धर्मगुरु हैं।" उन्होंने चाँदपोल से जयाचार्य की बैकुण्ठी निकालने का हुक्म दे दिया। बड़ी ही सुन्दर बैकुण्ठी में रथी निकाली गई। रुपयों की काफी उछाल की गई। देखने वाले एक सज्जन ने कहा था कि जयपुर में इतना बड़ा जुलूस पहले कभी नहीं देखा। उस जुलूस में सभी जाति के लोग सम्मिलित थे। राज्य की ओर से काफी प्रबन्ध था। इस तरह युगपुरुष योगी जयाचार्य ने महान् यश प्राप्त कर महाप्रयाण किया।

जयाचार्य आचार्य भीखणजी निर्मित जिन-शासन रूपी महान मन्दिर के तृतीय स्वर्ण कलश हुए।

(४) जयाचार्य साहित्यिक के रूप में: श्रीमद् जयाचार्य अध्यात्मवाद के एक महान् कवि थे। आपने अपने जीवन काल में ३॥ लाख गाथाओं की रचना की जिनमें गम्भीर तत्त्वज्ञान और सूक्ष्म से सूक्ष्म अध्यात्मभाव भरा पड़ा है। स्वामीजी ने ३८ गाथाओं की ही रचना की थी। आपका साहित्य बहुत विस्तृत है। आप एक महान चरित-लेखक थे। आपने गुणवान् साधु-सतों के बड़े ही सुन्दर जीवन-चरित लिखे हैं, जिन्हें पढ़ने से आत्मा वैराग्य रस में झूलने लगती है। आपके उपदेश और व्याख्यान बड़े सारगर्भित और वैराग्यपूर्ण होते। आप इतने उच्च कोटि के और शीघ्र प्रतिभावान कवि थे कि जब कोई रचना करने लगते तो पाँच-सात संतों को अपने पास रखते और प्रत्येक को अलग अलग पद धराते—लिखाते जाते। धारण करने वाले संत भी महान् धृतिवान और विचक्षण थे। इस तरह धारे हुए पदों को एकत्रित कर बाद में समूची रचना संगठित कर ली जाती थी। आप विचक्षण आशु कवि थे। आपके मुख से कविता उसी तरह निकलती जिस तरह से हिमालय से गंगा का स्रोत। आचार्य जैसे उत्तरदायित्वपूर्ण पद के धारक होने से वे रचना के लिए बहुत थोड़ा ही समय दे सकते थे और इस थोड़े से समय में ही वे काफी रचना कर लेते थे। एक-एक दिन में १६४ पदों की रचना का उदाहरण तो ३ ६ बोल की हुण्डी की ढाल २, ३ और ४ को देखने से ही मिल जाता है। आपकी गति और भी अधिक तेज रही होगी—ऐसी हमारी धारणा है अन्यथा इतना ग्रंथ-निर्माण आप जैसे कार्य-व्यस्त आचार्य के लिए थोड़े समय में करना संभव नहीं था। आप एक दिग्गज विद्वान और प्रगाढ़ लेखक थे।

आपने कई कठिन सूत्रों का मधुर रागिनीपूर्ण राजस्थानी ढालों में सरस अनुवाद कर उनके विषय को सबग्राही बनाया। पन्नवणा जैसे अति कठिन सूत्र के १० पद तक का अनुवाद तो आपने केवल १८ वर्ष की अवस्था में ही शुरू कर के पूरा किया। आचाराङ्गसूत्र के प्रथम श्रुतस्कंध को ढालों में गूंथा और द्वितीय श्रुतस्कध पर एक सुन्दर टब्बा लिखा। निशीथसूत्र और उत्तराध्ययन सूत्र के २८ अध्ययन का आपने राजस्थानी में पद्यानुवाद किया। आपने सम्पूर्ण भगवती सूत्र का भी राजस्थानी में पद्यानुवाद किया और प्रसिद्ध टीकाओं का उसमें उपयोग किया। भगवती सूत्र के इस राजस्थानी पद्यानुवाद के पदों और ढालों की संख्या क्रमशः ६० ०० और ५०१ है। इस तरह आपने जैनागम वाङ्मय को राजस्थानी भाषा में अनुवादित कर उसे सबग्राही रूप दिया और राजस्थानी साहित्य को सुसम्पन्न बनाया। इस आगम-अनुवाद काम के अतिरिक्त आपने अनेक स्वतंत्र रचनायें भी कीं। आपकी कृतियों की सूचि इस प्रकार है :—

१—मुनिवर गुणमाला की ढाल
२—३ ६ बोल की हुंडी की जोड़ (६ ढालें)
३—आचारांग (प्रथम श्रुतस्कन्ध) की जोड़ (८८ ढालें)
४—भगवती की जोड़ (५ १ ढालें)
५—ज्ञाता सूत्र की जोड़ (१२ अध्ययनों की १ ढालें)
६—उत्तराध्ययन सूत्र की जोड़ (प्रथम २८ अध्ययन सम्पूर्ण २९ वां शेष रूप)
७—विपाक सूत्र (दो अध्ययनों की जोड़)
८—आचारांग (द्वितीय श्रुतस्कंध) का टब्बा
९—निशीथ की जोड़
१०—अनुयोग द्वार की जोड़ (थोड़ी)
११—पन्नवणा की जोड़ (१० पद तक)
१२—अवगण (१५१ ढालें)
१३—टीगण (८५ ढालें)
१४—भनजी रो बखाण (३८ ढालें)
१५—महिपाल चरित्र (७७ ढालें)
१६—सुरसुंदर दवदंती (२२ ढालें)
१७—पार्श्व चरित्र बखाण
१८—मंगलकलश बखाण
१९—मोहजीत रो बखाण
२ —शीतेन्द्र रो बखाण
२१—शील मंजरी
२२—ब्रह्मदत्त बखाण
२३—यशोभद्र बखाण
२४—भरत बाहुबल रो बखाण
२५—व्याघ्र क्षत्री रो बखाण
२६—जमाली रो बखाण (१५ ढालें)
२७—महाबल रो बखाण
२८—खंधक सन्यासी रो बखाण (८७ ढालें)
२९—भिक्खु यश रसायण (६३ ढालें)
३०—लघु भिक्खु यश रसायन (५ ढालें)
३१—शतसी चरित्र (१३ ढालें)
३२—ऋषि राय सुजश (१३ ढालें)
३३—शांति विलास (११ ढालें)
३४—हेम नवरसो (९ ढालें)
३५—सरूप नवरसो (९ ढालें)
३६—भीम विलास (५ ढालें)

३७—मोतीजी स्वामी (बड़ा) (५ ढालें)
३८—उदेरामजी स्वामी (५ ढालें)
३९—ऋषिराय रो चोढालियो (४ ढालें)
४०—सरूपचन्दजी रो चोढालियो (४ ढालें)
४१—शिवजी स्वामी रो चोढालियो (४ ढालें)
४२—रूप ऋषि रो चोढालियो (४ ढालें)
४३—सती सिरदार सुजश (१५ ढालें)
४४—भाव मोहजयकी ढालें (२४ ढालें)
४५—मर्यादा मोहजय की ढालें (१७ ढालें)
४६—साधु सती गुणमाला (सैंकड़ों ढालें)
४७—शासन विलास (४ ढालें)
४८—मघवा की चोपी (३८ ढालें)
४९—भगवती व्याख्या री चोपी
५०—जिन आगन्या री चोपी (५४ ढालें)
५१—१८९ में गण बारह हुआ री जोड़ (२३ ढालें)
५२—उपदेश री चोपी
५३—शिक्षामण री चोपी
५४—चरचा री चोपी (२१ ढालें)
५५—भिक्खु लिखत चोपी (१६ ढालें)
५६—चोबीसी बड़ी (२४ ढालें)
५७—चोबीसी छोटी (२४ ढालें)
५८—प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध
५९—नयचक्र की जोड़
६० —पंच संधि ना दोहा
६१—धातु रूपावलि का दोहा
६२ -टालोकड़ां री ढालां
६३—टालोकड़ा रो लघु रास
६४—परम्परा रा बोल (७ ढालें)
६५—भ्रम विध्वंसण
६६—कुमतिविहंडन
६७—संदेहविष औषधि
६८—जिनाज्ञा मुखमंडन
६९—प्रश्नोत्तर सार्द्धशतक
७०—चर्चा रत्नमाला (अधूरा)
७१—सिद्धान्त सार
७२—झीण चर्चा
७३—ध्यान छोटा
७४—ध्यान बड़ा
७५—आराधना (१ ढाल)
७६—मर्यादा की ढाला
७७—थोकड़ा
*७८—शांति चरित (दीर्घ)
७९—शांति चरित (लघु)
८० —हरिवंश
८१—महाबल
८२—मलया सुन्दरी
८३—पाण्डु चरित्र
८४—चंद राजा रो बखाण
८५—रत्नपाल चरित
८६—धनबुद्धि पाप बुद्धि
८७—मुनपति चरित
८८—श्रेणिक चरित
८९—मृगावती चरित
९०—लीलावती चरित
९१—हरिबल चरित
९२—जयसेन चरित
९३ उत्तम कुमार चरित

*७८-९१ में उल्लिखित कृतियाँ जयाचार्य रचित नहीं हैं। व्याख्यान के लिए इन कृतियों के भिन्न भिन्न स्थलों पर उपयोग के लिए श्रीमद् जयाचार्य ने अनेक अंशों की रचना की और अपनी ओर से नयी ढालें आदि लिखी हैं। इनकी संख्या प्रचुर है। इसलिए इनका यहाँ उल्लेख किया गया है।

आपकी सभी रचनाएं राजस्थानी भाषा में हैं और प्रायः सभी पद्य में। उनमें सरसता, सुस्पष्टता मौलिकता भावों की ऊंची उड़ान और गहरा तत्त्वज्ञान भरा है। वे हृदय को बिजली के प्रवाह की तरह अपनी ओर खींच लेती हैं और एक तन्मयता उत्पन्न कर मन और भावों को आत्मिक शान्ति और पवित्र भावनाओं से ओत-प्रोत कर देती हैं। कई ढालें तो अन्त समय के लिए बनाई हुई हैं और उस समय में उन्हें सुनाने से आत्मा में एक अपूर्व बल का संचार हो जाता है और म्रियमाण व्यक्ति भी आध्यात्मिक सजीवता से भर जाता है।

श्रीमद् जयाचार्य वास्तव में एक जीवन-कवि थे। जीवन को उन्नत बनाने के लिए, भावों को पवित्र बनाने के लिए, इन्द्रियों को जीतने और मन को वश में करने के लिए, संक्षेप में हृदय में धर्म की स्रोतस्विनी बहा देने के लिए आपकी ढालें बड़ी ही उपयोगी हैं। आपकी कृतियों को समझने के लिए विद्वत्ता की जरूरत नहीं होती और न कोष की ही। उनमें इतनी सरलता है कि यदि एक अनपढ़ मनुष्य भी उन्हें सुने तो वह उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। आपकी रचनाओं में संस्कृत शब्दों की बहुलता है परन्तु इन शब्दों का प्रयोग इतने सुन्दर रूप से किया गया है कि ठेठ राजस्थानी की सरसता को वे बिगाड़ते नहीं परन्तु उसे और भी दीप्त करते हैं। उनके संस्कृत शब्दों के प्रयोग से न भाषा बोझिल हुई है और न भाव दुर्ग्राह्य। परन्तु उनमें एक अद्भुत मिठास और सर्वग्राहिता निहित है। वास्तव में वह लोक-साहित्य है। स्वामीजी की तरह हम जयाचार्य को भी लोक-साहित्य के अमर गायक-कवि कहेंगे।

(१०) कुछ महत्त्वपूर्ण प्रसंग सं० १९११ में आपका चातुर्मास लाडनूं (मारवाड़) में हुआ। उस वर्ष ५२ दोहों की एक प्रश्नावली अजीमगंज के कालूरामजी श्रीमाल नामक एक श्रावक ने लाडनूं के श्रावकों को भेजी। श्रावकों ने यह प्रश्नावली आपसे निवेदन की। इस प्रश्नावली में अनेक तात्त्विक प्रश्न थे और वह बहुत सुन्दर ढंग से लिखी गई थी। आपने इस प्रश्नावली के उत्तर में एक ग्रंथ ही बना डाला है जो 'प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध' के नाम से प्रसिद्ध है। इस प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध को कई श्रावकों ने मिलकर कण्ठस्थ कर कालूरामजी को भेजा। बाद में यह ग्रंथ प्रकाशित भी हुआ। यह छपा हुआ ग्रंथ १६५ पृष्ठों में है। आप तत्त्वज्ञान के प्रकाण्ड पण्डित थ। सूत्र तो जैसे आपके कण्ठस्थ-से थे। आपकी रचना सूत्र संदर्भों से भरपूर है। 'प्रश्नोत्तर तत्त्वबोध' जैन तत्त्वज्ञान का एक गम्भीर अध्ययनपूर्ण ग्रंथ है। इस ग्रंथ में २७ अधिकार व परिच्छेद हैं और प्रत्येक अधिकार में एक-एक विषय का सूक्ष्म विवेचन।

पहले साधु तम्बाकू सूंघा करते थे जिससे सफाई कम रहती। आपने तम्बाकू सूंघना एकदम बन्द कर दिया। जो एक बार तम्बाकू सूंघते उन्हें पाँच विगह और सूंखड़ी[१] छोड़नी पड़ती। इस नियम के लागू करते ही तम्बाकू की चाल बन्द हो गई।

१—घी दूध दही तेल और तली हुई वस्तुएं।
२—मिठाई आदि।

एक बार जयाचार्य लाडनूं में विराज रहे थे। वहाँ पूनी बाई नाम की एक श्राविका जाति की बहिन थी। उसने अपना जीवित ओसर किया। ओसर में काफी मिठाई बनी। ओसर के बाद उसने जयाचार्य से संतों को गोचरी भेजने की अर्ज की। जयाचार्य ने उत्तर दिया— 'अवसर होगा तो देखा जायगा। बादमें जयाचार्य के मन से यह बात बिसर गई और वे संतों सहित लाडनूं से विहार कर सुजानगढ़ पधार गए। जब उस बाई को इस बात की खबर लगी तो उसे मर्मान्तिक पीड़ा हुई। वह एक बार तो बेहोश भी हो गई। बड़े मोतीजी स्वामी उस समय लाडनूं में थे। उस बाई ने अपनी दुःख-गाथा उनसे कही—"आपके महाराज तो बड़ी बन्दोले वालों के (धनिकों के) घर ही जाते हैं मुझ गरीबनी के घर कौन आवे ?' मोतीजी स्वामी लाडनूं से विहार कर सुजानगढ़ पधारे और वन्दना करते हुए बोले— 'आपने तो धींगा निवाजवाली की !" जयाचार्य ने पूछा— 'सो कैसे ? मोतीजी स्वामी बोले—"राजा की सवारी निकलती तब एक गरीब आदमी पुकार किया करता—'गरीब निवाज ! मेरी भी सुनें' परन्तु राजा इस पर ध्यान नहीं देते थ। आखिर उसने एक दिन ऊँचे स्थान पर खड़े होकर पुकार की—'धींगा निवाज ! मेरी भी सुनें !' तब कहीं राजा के कान खुले। आपने भी पूनी बाई की अर्ज पर ध्यान नहीं दिया। अतः वह दुःखी होकर अर्ज कर रही थी कि आप 'धींगे निवाज' के साथी हैं।"

मोतीजी स्वामी की यह बात सुनते ही जयाचार्य को सारी बात याद आ गई। आप बातचीत कर रहे थे वहीं खूंटीपर आपका ओघा (रजोहरण) रखा हुआ था। ओघे को हाथमें ले आप उसी समय लाडनूं की ओर चल पड़। काफी दूर चले भी गये। पीछे से युवाचार्य श्रीमघराजजी स्वामी पहुंचे और अपने को भेजने की अर्ज की। जयाचार्य ने मघराजजी स्वामी को भेजा और अच्छी तरह काम निपटाने का हुक्म दिया। मघराजजी स्वामी लाडनूं पहुंच उस बाई के घर गोचरी पधारे। अब उसके हर्ष का ठिकाना नहीं रहा। मघराजजी स्वामी ने बताया कि जयाचार्य किस तरह विहार कर काफी दूर आ गए थे। बाई गद्गद् हो गई। उसे समझते देर न लगी कि भूल से ही साधुओं को गोचरी भेजे बिना महाराज विहार कर गए।

स्मरण कराते ही जयाचार्य ने अपने वचनों पर कितना ध्यान दिया और वे जैसे धनियों के हैं, वैसे ही गरीबों के भी—यह दिखा दिया। मघराजजी स्वामी उस समय युवराज थे। उन्होंने युवराज को भेजकर अपने वात्सल्य का परिचय दिया। मोतीजी महाराज का अर्ज करने का ढंग भी काफी साहस पूर्ण था। वे गण पर किसी तरह का लांछन आवे—यह सह नहीं सकते थे और इसलिए स्पष्ट अर्ज करने में भी उन्होंने हिचकिचाहट नहीं की।

तेजपालजी मुनि बड़े तपस्वी साधु थ। आप लाडनूं के वासी थे। आपके पिताजी का नाम शाह डूंगरसी गोलछा था। बाल्यवय से ही आपके हृदय में अत्यन्त वैराग्य था और धर्म के प्रति सहज रुचि थी। एक बार जयाचार्य लाडनूं पधारे। उनके उपदेश को सुनकर तेजपालजी दीक्षा के लिए तैयार हो गए। उनका वैराग्य इतना तीव्र था कि गृहस्थावस्था में ही उन्होंने हजारों गाथाएं सीखीं। चारित्र लेने की उनकी तीव्र इच्छा थी पर घरवाले अनुमति नहीं देते थे।

उन्होंने तेजपालजी को एक कोठरी में बन्द कर बाहर ताला लगा दिया। परन्तु तेजपालजी की लौ साधु-जीवन से लग चुकी थी। वे अंतस्थ वैरागी थे। उन्होंने कोठरी में ही लोच कर अपना माथा मूंड लिया और घर में न रहने की अभिलाषा दिखाई। तेजपालजी को और भी कष्ट दिए गये। अंत में जयाचार्य ने उनके पिताजी को समझा दिया। जयाचार्य बोले—'हम गोलछे हैं और तुम भी गोलछे हो। तुम्हारे पाँच पुत्र हैं। समझ लेना एक पुत्र को गोद ही दिया सही। जया-चार्य के विनोद पूर्वक समझाने पर और तेजपालजी के उत्कृष्ट वैराग्य को देखकर डूंगरसीजी ने दीक्षा की आज्ञा दी।

श्री जयाचार्य भी स्वामीजी की तरह ही बड़े कठोर अनुशासक थे। गुणों के लिए तथा शुद्ध जीवन के लिए उनके हृदय में बड़ा सम्मान रहता। उन्होंने आचार्य होते हुये भी गुणवान साधु-साध्वियों की मुक्त-कण्ठ से प्रशंसा की और जब कहीं प्रसंग आया उनका यशोगान करने में चूक नहीं की।

मानसिक शुद्धता और चारित्रिक शुद्धता के लिए उन्होंने बहुत कड़े नियम बनाए। अनेक मर्यादाएं बांधी। साधुओं की हाजिरी उन्हीं की प्रारम्भ की हुई है। माघ सुदी ७ के दिन जो मर्यादा-महोत्सव मनाया जाता है उसके स्रष्टा भी आप ही हैं। स्वामीजी ने सं १८३२, ४७ ४५, ५० और ५९ में अनेक मर्यादाएं स्थिर कीं। अनुभव और जरूरत के अनुसार इन मर्या-दाओं को विस्तृत और व्यापक बनाया गया। श्री जयाचार्य ने सं० १९११ में इन समस्त मर्यादाओं को एकत्रित कर सार रूपमें एक संक्षिप्त मर्यादा बनाई और साधु-संत उसे रोज पढ़ें ऐसा नियम बना दिया। साधुओं को जो रोज एक लिखित—प्रतिज्ञा-पत्र पर हस्ताक्षर करना पड़ता है, वह भी आप ही का चालू किया हुआ है। इस प्रतिज्ञा-पत्र के अन्तिम शब्द हैं—"मैं वले मन सीधे हरख राजीपा सुं लिख्यो सरमा सरमी सुं लिख्यो नथी। इस प्रतिज्ञा का अर्थ यही था कि साधओं को प्रतिपल यह स्मरण रहे कि वे महिमामय जैन-शासन के साधु हैं और कुशलता पूर्वक चारित्र का पालन करने और आचार्य के कठोर से कठोर अनुशासन को भी वे अन्तर हृदय से मानने और शिरोधार्य करने के लिए प्रस्तुत हैं। यह प्रतिज्ञा-पत्र विनीत शिष्य की आत्म-साक्षी और आचार्य के पवित्र चरणों पर अपना सम्र समर्पण है।

वृद्धावस्था में जयाचार्य की आँखों में मोतियाबिंद हो गया। बड़े डाक्टरजी महाराज उनकी आँख का आपरेशन कर रहे थ। हठात् बीच ही में वे वहां से तिरवारी में आ गए। जो डाक्टर वहाँ मौजूद थे बोले—"यह क्या करते हैं?" जयाचार्य बोले—"मेरे शरीर पर जल की छींट—बूंद सी लगी। चारित्र से बढ़ कर आँख नहीं है। संतों ने आँख की ओर जब विश्वास हो गया कि फुहारे नहीं गिरते हैं, तब फिर चौक में आकर आपरेशन कराया। चारित्रिक विशुद्धता पर जया-चार्य का कितना ध्यान रहता था—यह इस घटना से साफ प्रगट है।

आपके शासनकाल में सती सिरदारांजी और गुलाबांजी बहुत ही प्रसिद्ध आर्याएं हुईं। सती सिरदारांजी सतियों की मुखिया थीं और इस तरह उनका नाम सार्थक था। वह इतनी बुद्धिमती थीं कि संत भी उनकी सलाह से काम करते। उस समय ऐसी परिपाटी थी कि जब संत आहार कर चुकते

तब बाकी आहार साध्वियाँ अपने में विभाजित करतीं। सती सिरदारांजी ने विभाजन-पद्धति की त्रुटि की ओर भी जयाचार्य का ध्यान आकर्षित किया। जयाचार्य ने तुरन्त ही इस परिपाटी को बदलकर बराबर विभाजन की पद्धति चलाई। जय-जश और दीप-जश व्याख्यान की तो सामग्री भी उनकी दी हुई है। वे सामग्री देते और जयाचार्य उसे सम्बद्ध करते।

सती गुलाबांजी भी बड़ी विदुषी और विचक्षण थीं। वे मघराजजी स्वामी की बहिन थीं। उनके अक्षरों की मोती से उपमा दी जाती है। वे इतना सुन्दर और साफ लिखती थीं कि देखनेवाले की आँखें तृप्त हो जातीं। जयाचार्य उनसे लिखवाया करते थे।

पाली में एक सुनारिन ने संथारा ग्रहण किया। उसकी इच्छा थी कि जयाचार्य दर्शन दें। उसने श्रावकों से यह अर्ज जयाचार्य से करवाई। उस समय जयाचार्य पाली से लग-भग १२ मील दूर पर विराज रहे थे। अर्ज सुनते ही विहार कर पाली पहुँच दर्शन दे उस सुनारिन के मनोरथ को पूरा किया। आप ऐसे ही कृपालु आचार्य थे।

जयाचार्य के जीवन में अनेक चमत्कारपूर्ण घटनाएँ घटीं। सं० १९१५ फाल्गुन सुदी १० के रात की बात है। हठात् जयाचार्य को छोड़कर सर्व साधु बेहोश हो गए। उस समय जयाचार्य ने एक ढाल जोड़ी। उसे 'विघ्न हरण की ढाल' कहते हैं। इस ढाल की प्रथम पंक्ति है—"मुणिन्द मोरा भिक्षु ने भारीमाल वीर गोयम री जोड़ी रे।" इसमें तेरापन्थ-सम्प्रदाय के सभी विशिष्ट साधु-साध्वियों के गुणों का स्मरण और कीर्तन है। इस ढाल के स्तोत्र से साधु फिर होश में आये।

इसी तरह एक अन्य परीषह के समय उन्होंने सिरियारी में सं० १९११ की बसंत-पञ्चमी वार सोमवार के दिन एक दूसरी ढाल रची उसमें भी गुणी सन्तों का गुणगान है। इस ढाल के स्तोत्र के बाद परीषह दूर हुआ।

गृहस्थ-जीवन की घटना है। साध्वी अजबूजी का चातुर्मास रोहट में था। उन्होंने माता कल्लूजी को धर्मध्यान अधिक करने का उपदेश दिया। उस समय जयाचार्य बाल्यावस्था में थे और अत्यन्त अस्वस्थ थे। बचने की कोई आशा न थी। धान गले न उतरता। इससे माता कल्लूजी बड़ी चिन्तित रहतीं। उन्होंने साध्वी अजबूजी से कहा— 'जीतमल बीमार है। बड़ा आर्तध्यान रहता है। इससे धर्म ध्यान विक्षेप होता नहीं।' साध्वी अजबूजी बोलीं— 'यदि जीतमल स्वस्थ हो जाय और उसको प्रव्रज्या लेने का भाव हो जाय तो उसे मना करने का त्याग लो।' माता कल्लूजी ने त्याग कर दिया। आप तुरंत नीरोग हो गये। धान गले उतरने लगा।

बाल्यावस्था में ही आपमें अत्यधिक वैराग्य-भावना थी। साधुओं की सेवा-भक्ति तथा धर्म-ध्यान में आपकी विशेष अभिरुचि रहती। यदि कोई आपसे पूछता— 'आप दीक्षा लेंगे ?' तो आपका उत्तर होता—"लूँगा।" इस पर साधु कहते— 'अभी तुम्हारी उम्र छोटी है। ९ वर्ष के पूर्व दीक्षा नहीं कल्पती।

आप हाथ में पला लेकर उसमें कटोरी रख लेते और अपने काका के पास आकर कहते— "मैं साधु हो गया हूं, मुझे आहार देना।" साधु सन्तों से आप बार-बार पूछते—"अभी कल्प आया है या नहीं ?"

इस प्रसंग से यह स्पष्ट विदित होता है कि छोटी उम्र में ही आप में साधु-जीवन की बड़ी बलवती इच्छा थी।

आपके बड़े भाइयों की सगाई आपके पिताजी ने कर दी थी किन्तु आपकी सगाई वे नहीं कर सके क्योंकि उनका देहान्त सं० १८९३ में हगाद् हो गया। आपकी सगाई बाद में पूंभारे में हुई। यहीं आपका ननिहाल भी था।

संवत् १८९९ में मारीमालजी स्वामी का चतुर्मास जयपुर में हुआ। वे पद्मसिंह जी बया की हवेली में विराजे। उस समय स्वरूपचन्द जी अपनी माता और भाइयों के साथ जयपुर आये और वहाँ पर हरचन्दलालजी जौहरी के मकान पर उतरे। अपने भाइयों के साथ आप तीनों वक्त व्याख्यान सुनते। इससे आपका वैराग्य बढ़ता गया। रात में ऋषि रायचन्दजी रामायण का व्याख्यान दिया करते थे। आप ने सांगा छोड़कर पचीस बोल कण्ठस्थ कर लिया और तेरहद्वार के ग्यारह द्वार सीख लिए। आपने विविध चर्चाएं सीखीं। उस समय आप ९ वर्ष के थे। आपकी चातुरी और प्रत्युत्पन्न बुद्धि को देखकर हरचन्दलालजी जौहरी ने विचार प्रकट किया कि यदि जीतमलजी ने दीक्षा ली तो बड़े सुयोग्य साधु होंगे। यदि दीक्षा लेने का उनका विचार नहीं रहा तो मैं छोटी बीबी (अपनी भतीजी) का विवाह इससे कर दूंगा और बाद सिंह को गोद बिठाकर ५० ०० रुपये नगद तथा वस्त्रादि जो हैं, उन सबको उन्हें दे दूंगा। परन्तु कंचन और कामिनी के प्रलोभन से आप विचलित नहीं हुए। आपका वैराग्य बढ़ता ही गया।

चतुर्मास समाप्त होने पर भी शारीरिक अस्वस्थता वश मारीमालजी स्वामी तथा ऋषि रायचन्दजी को कुछ दिनों तक जयपुर में ही ठहरना पड़ा। इस अवसर पर हेमराजजी स्वामी, कस्तूजी, हीरांजी हस्तुजी दिस्तुजी आदि मारीमालजी स्वामी का दर्शन करने आये। जयपुर में आचार्य श्री के ठहर जाने से लोगों का बड़ा उपकार हुआ। कइयों ने व्रत आदि धारण किये। कलूजी ने स्वरूपचन्दजी को उपदेश दिया। युक्ति और उक्ति से उनके अन्तर में वैराग्य जगाया। हस्तुजी ने कहा—"देखते क्या हो ? सारा घर अपनी बुआ को दो। घर में न रहने का अभिग्रह लो।" स्वरूपचन्दजी में वैराग्य भावना तो थी ही इससे उन्होंने घर में न रहने का अभिग्रह लिया। अब श्री जीतमलजी के हृदय में भी दीक्षा लेने के तीव्र भाव जागृत हुए। मारीमाल जी स्वामी ने स्वरूपचन्दजी को पहले दीक्षा देने का भाव प्रकट किया। माता कलूजी ने सहर्ष आज्ञा प्रदान की।

मारीमालजी स्वामी ने आपकी दीक्षा मिति माघ वदी ७ के दिन ऋषि रायचन्दजी के हाथों चाट दरवाजे के पूर्व के बट-वृक्ष के नीचे करवाई।

भारीमालजी स्वामी ने मुनि भीमराज को ४ महीने बाद और जीतमलजी को ६ महीने बाद बड़ी दीक्षा देकर मुनि श्री भीमराजजी को बड़ा किया। मुनि जीतमलजी का प्रथम चातुर्मास मुनि श्री हेमराजजी स्वामी के साथ सं० १८७० में इन्द्रगढ़ में हुआ।

सं० १८७१ में आपका पाली में चातुर्मास हुआ। इस चातुर्मास में आपने और स्वरूपचन्दजी स्वामी ने ४२ ४२ उपवास किये। आपने 'जब तक पूज्यजी के दर्शन न होंगे तब तक पाँच विगह न खाऊंगा' ऐसा अभिग्रह किया। यह अभिग्रह १३ महीने बाद पूरा हुआ अर्थात् १३ महीने तक आपने घी दूध दही मिठाई आदि का परिहार रखा।

पाली से सुरगढ़ पधारे। वहाँ दिशा जाकर वापिस आते समय पर फिसल कर गिर पड़ने से पैर की ढकनी उतर गयी। बाद में पीड़ा दूर हुई, पर कच्ची अवस्था में पैर पर जोर दे देने से कुछ कसर रह गयी।

श्रीमज्जयाचार्य की जन्म-कुण्डली इस प्रकार है

श्री जयाचार्य का विस्तृत जीवन-चरित्र पंचम आचार्य श्री मघराजजी स्वामी कृत आचार्य चरित्रावलि में प्रकाशित है। कृपया पाठक उसे देखें।

कृति-परिचय

भिक्खु जश रसायण कृति का रचना काल संवत् १९०८ आसोज सुदी १ वार शुक्रवार है। यह कृति बीदासर शहर में सम्पूर्ण हुई जो कि बीकानेर (राजस्थान) में है[१]।

इस कृति की रचना में श्री जयाचार्य ने मुख्यतः निम्न कृतियों का सहारा लिया है[२]:

१—ढाल ६३ गा ४८

संवत उगणीसे आठे आसोज पक्ष सुदि सार।
शुक्रवार ए जोड़ रची बीदासर शहर मझार॥

२—६३ गा ४५ ४६:

विस्तार रच्यौ भिक्खु मुनिवर नौ इणिवौ तिण अनुसार।
भिक्खु दृष्टान्त हेम मिलाया हिवी ते अधिकार॥
वेणीरामजी हेम एम वा भिक्खु चरित उदार।
इत्यादिक अवलोकी अधिकौ ग्रंथ रच्यौ इणिवार॥

१—'भिक्खु दृष्टान्त'—जो स्वामीजी के शिष्य मुनि श्री हेमराजजी ने लिखाये थे और जिनका संग्रह स्वयं जयाचार्य ने किया था। यह पुस्तक महासभा द्वारा प्रकाशित हो चुकी है।

२—मुनि श्री हेमराजजी कृत 'भीखू चरित'—जो प्रस्तुत खण्ड में प्रकाशित किया जा रहा है।

३—मुनि श्री वेणीदास कृत 'भीखू चरित'—यह कृति भी प्रस्तुत संग्रह में प्रकाशित है।

यह कृति चार खण्डों में विभाजित है। प्रथम खण्ड में चौदह ढालें हैं। जिनमें आचार्य रघुनाथजी से पृथक् हो नूतन दीक्षा ग्रहण करने तक का विवरण है। तथा स्वामीजी ने आध्यात्मिक और दार्शनिक क्षेत्र में जो विचार-क्रान्ति प्रस्तुत की उसका सुन्दर वर्णन है।

द्वितीय खण्ड में कुल २८ ढालें हैं। इस खण्ड में स्वामीजी के अत्यन्त रोचक संस्मरण, दृष्टान्त और प्रसंगों का बड़ा ही हृदयग्राही चित्रण है। इस खण्ड में श्री जयाचार्य ने स्वामीजी के जीवन के १५१ प्रसंगों का उल्लेख किया है।

तृतीय खण्ड में कुल १० ढालें हैं। इनमें स्वामीजी के शासन में जो दीक्षाएँ सम्पन्न हुई उनका विवरण है। श्री जयाचार्य ने इस खण्ड में सब साधु-साध्वियों का संक्षिप्त में घटनापरक जीवन-चरित्र दे दिया है।

चतुर्थ खण्ड में कुल ११ ढालें हैं। यहाँ स्वामीजी ने किन-किन देशों में उपकार किया, उसका और अन्तिम पद-यात्रा का वर्णन आया है। इसी खण्ड में स्वामीजी ने किस तरह संथारा किया, उसका लोमहर्षक वर्णन है। अन्त में स्वामीजी के चातुर्मासों का विवरण दिया है।

इस कृति में कुल ६३ ढालें हैं। ढालवार दोहा और गाथा संख्या इस प्रकार है :

प्रथम खण्ड

ढाल	दोहा	गाथा	कलश	सोरठा
१	९	२१		
२	६	२१		
३	९	२		
४	६	२६		
५	६	२७		
६	९	१८		
७	९	१३		
८	६	२१		
९	६	३३		
१०	६	१५		१

१—यहाँ लगता है दूहा और भरत हम छन्द अधूरा है।

ढाल	दोहा	गाथा	कलश	सोरठा
४	६	३१[1]		
४१	६	१३०		
४२	६	५६	२	
तृतीय खण्ड				
४३				१[2]
४४	६	१५		
४५	६	२१		
४६	१	२७		१४+२
४७	६	१५		५
४८	१+८	२[2]		
४९	५	१५		७
५०	७	२४		११
५१	५	१५		१२
५२ भुजंगी छन्द १४	२१	३७	२	५+२ छप्पय ४
चतुर्थ खण्ड				
५३	४	११		६
५४	५	१४		
५५	४	३१		
५६	४	१५		
५७	४	१३		
५८	४	२३		
५९	५	१९		
६	४	१५		
६१	५	१७		
६२	७	२८		
६३	५	४९	२	

१—शोभाचन्द सेवग कृत 'समसय कामी रसिकी' वाला छन्द उद्धृत है।

२—इसके बाद मुनि वेणीदासजी कृत दोहों सहित चौथी ढाल उद्धृत है। श्री जयाचार्य ने इस ढाल में जो थोड़ा शाब्दिक संशोधन किया है वह मूल कृति की इस ढाल के साथ मिलान से स्वयं प्रकट होगा।

श्रीमज्जयाचार्य की कृतियों और उनके द्वारा रचित जीवन-चरितों में 'भिक्खु जश रसायन' अपना एक विशिष्ट स्थान रखता है।

उनके द्वारा रचित ग्रंथों के अध्ययन से निम्न बातें प्रमुख रूप से सामने आती हैं: (१) वे गंभीर अध्ययनशील पुरुष थे। (२) गूढ़ तत्त्वज्ञानी थे। (३) आगम-शास्त्र में पारगत थे। (४) जन्मजात इतिहासकार थे। (५) मर्यादा पुरुषोत्तम थे। (६) सिद्धहस्त कवि और कुशल लेखक थे। (७) उद्भट टीकाकार थे। (८) विशुद्ध दृष्टि सम्पन्न नैयायिक थे और (९) वे धैर्यशील अनुसन्धित्सु थे।

'भिक्खु-जश रसायन'—एक जन्मजात इतिहासकार कवि की सूक्ष्म प्रामाणिक लेखनी का उत्कृष्ट नमूना है। भक्ति-भावना से भीगा हुआ यह जीवन-चरित आराध्य के प्रति अतिरंजित नहीं पर एक अपेक्षित श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

श्रीमद् जयाचार्य को लगता था— 'स्मरण स्वाम तणो सुद्ध साच्चों शिवसुख धाम सार।' जयाचार्य ने ऐसे महान पुरुष की महान यशोगाथा अत्यन्त प्रामाणिक रूप में उपस्थित की है।

इस जीवन-चरित्र के लिखने के लिए सामग्री एकत्रित करने में श्री जयाचार्य ने जो घोर परिश्रम किया है, वह पुस्तक के एक-एक पृष्ठ से स्वयं प्रगट है।

'भिक्खु दृष्टान्त' का संकलन उन्होंने इसी दृष्टि से किया। इन संस्मरणों को संग्रह करते समय उनके हृदय में जो एक अभिनव कल्पना कार्य कर रही थी उसने प्रस्तुत चरित के द्वितीय खण्ड में साकार रूप लिया है। 'खण्ड दूजै गुण खाण रे, दृष्टान्त कहूं स्वाम्ना' ये दृष्टान्त स्वामीजी की आन्तरिक भावना और वृत्तियों के अन्यतम चित्र हैं। कवि की कुशल तूलिका इन संस्मरणों के आधार से ही नाना भरे रंग-बिरंगे समतल चित्र उपस्थित करने में सफल हुई है। इस जीवन-चरित में पूर्व चरितों की अपेक्षा असाधारण विशेषता भी इन संस्मरणों के गुम्फन से ही आ सकी है।

राजस्थानी संस्मरण-परक जीवन-चरित लिखने की कल्पना और चिन्तन की शृंखला में श्रीमज्जयाचार्य का स्थान एक अग्रणी के रूप में आता है। उन्होंने प्रस्तुत चरित-लेखन में जिस शैली कल्पना और ऐतिहासिक वृत्ति को रखा है, वह उस समय के जीवन-चरितों में दुर्लभ है।

इस चरित-ग्रंथ की अन्तिम पंक्तियों में कवि कहता है—

> अधिको ओछो जे कोई आयो
>
> विरुद्ध आयो हुवै कोय।
>
> सिद्ध अरिहन्त देव री साखैं
>
> मिच्छामि दुक्कड़ मोय॥

इस चरित-लेखन में जान-बूझकर कम-अधिक उपस्थित करने की बात तो है ही नहीं। भूल-चूक से भी ऐसा कुछ रह गया हो ऐसा नहीं लगता। इतिहासकार की विशुद्ध वृत्ति का यह एक ज्वलन्त उदाहरण है।

तृतीय खण्ड में स्वामीजी कालीन साधु और आर्याओं का जो संक्षिप्त परिचय उपस्थित हुआ है, यह तेरापन्थ इतिहास की स्वर्ण कड़ियों को सुरक्षित रखता है। स्वामीजी के गण में कैसे उत्तम चारित्रिक संत तपस्वी और शास्त्रगामी साधु-साध्वी हुए, उनका यह सुन्दर हृदयग्राही परिचय प्रस्तुत करता है। समूचा चारित्र संवेग-रस की भावना के उद्रेक का सहज अविराम स्रोत है। उत्तम रागिनियों में गुम्फित यह जीवन चरित उतना श्रद्धाञ्जलि परक नहीं जितना कि वह भावना प्रेरक है। यह अध्यात्म रस का निर्झर है। जीवन-विशुद्धि की प्रक्रिया में ऐसा अध्यात्मरस समृद्ध जीवन-चरित साधक के लिए प्रबल सबल होता है।

कवि जितना भावना के साथ चला है उतना ही तथ्यों के साथ भी। तथ्य चित्रण की रोचकता में कमी नहीं आ सके। न भाव प्रवीणता से ही तथ्यों को ओझल किया है। दोनों ने मिलकर ग्रंथ को एक सुन्दररूप दिया है।

लेखक की "आचार्य संत भीखणजी" नामक पुस्तक प्रस्तुत कृति पर ही आधारित है। उसके अवलोकन से प्रस्तुत ग्रंथ का सार विस्तृत रूप में सामने आ जायगा।

प्रस्तुत प्रकाशन का आधार श्रीमज्जयाचार्य के स्वयं की हस्तलिखित प्रति है।

यह जीवन-चरित पहले भी दो बार श्री धनसुखदास हीरालाल आंचलिया गंगाशहर की ओर से प्रकाशित हो चुका है। गुजराती लिपि में वह बम्बई से प्रकाशित हुआ था। प्रस्तुत संस्करण में उन प्रकाशनों में रही हुई भूलों का संशोधन मूल प्रति से मिलाकर किया गया है।

४. लघु भिक्खु जश रसायण

यह भी श्री जयाचार्य की ही कृति है। भिक्खुजश रसायण के १५ वर्ष बाद यह लिखी गयी है। इसके सम्पूर्ण होने की तिथि का उल्लेख इस रूप में मिलता है :

> उगणीस तेवीस माघ सुदि तिथ तिज।
> गुरुवारे ए जोड़ करी भिखु बीज॥

इस कृति में स्वामीजी के संस्मरण और अनुयायी साधु-साध्वियों का वर्णन नहीं है। अवशेष जीवन-चरित है। यद्यपि इसका नाम लघु भिक्खु जश रसायण" है तथापि यह "भिक्खु जश रसायण" कृति का संक्षिप्तरूप नहीं पर एक स्वतन्त्र कृति है। इसमें स्वामीजी के जीवन चरित को संक्षेप में उपस्थित किया गया है, पर वह अपने आप में सम्पूर्ण है।

रचना की दृष्टि से यह कृति भी अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। कवि की चित्रण-कुशलता सर्वत्र व्याप्त है। एक ही बात दोनों चरितों में भिन्न-भिन्न शब्दों में कैसे समानरूप से सुन्दर चित्रित हुई है यह कवि की सहज कवित्व-शक्ति का परिचायक है।

इस कृति का आरम्भिक अंश एक भिन्न ही भूमिका को लिए हुए है और उतना सर्वथा नवीन है। अवशेष चरित में प्रथम चरित में समाविष्ट घटनाओं का ही दर्शन है पर वह

भाषा और भाव-व्यंजना की दृष्टि से सम्पूर्णतः नवीन है। दोनों चरितों के वर्णनों से घटनाओं का पूरा-पूरा रूप सामने आ जाता है।

इस कृति में कुल पांच ढालें हैं तथा दोहे और गाथाओं आदि की संख्या २६३ है।

प्रस्तुत प्रकाशन का आधार शासन की हस्तलिखित प्रति से धारा हुआ पाठ है। यह प्रति किसके हाथ की लिखी हुई है, इसका पता नहीं चल सका।

यह चरित प्रथम बार ही प्रकाशन में आ रहा है।

तेरापन्थ आचार्य चरितावली के इस प्रथम खण्ड में प्रकाशित आचार्य भिक्षु के चार जीवन चरितों से स्वामीजी के जीवन से सम्बन्धित अनेक घटनाओं का हूबहू चित्र सामने आ जाता है। इसमें सन्देह नहीं कि भविष्य में हिन्दी में स्वामीजी के चरित लिखने के लिए इस प्रकाशन द्वारा पाठकों के हाथ में अपूर्व सामग्री आ जाती है।

तेरापन्थ आचार्यों और सन्तों द्वारा राजस्थानी साहित्य की जो श्री वृद्धि हुई है, उसका यह प्रकाशन एक ज्वलन्त प्रमाण है। महासभा का यह प्रकाशन राजस्थानी साहित्य में अवश्य महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त करेगा इसमें कोई सन्देह नहीं।

कलकत्ता
माघ शुक्ला १, २ १८

श्रीचन्द रामपुरिया

विषय-सूची

तेरापंथ आचार्य चरितावलि

[खण्ड : १]

१

भीखू चरित

[मुनि श्री हेमराज जी कृत]

दूहा

अरिहंत सिध साधु नमूं भाव भगत उर आंण।
गुर गिरवा गुणवत नो, कहूं भीखू चरित बखाण॥ १॥
मोटा मोटा मुनिवर हुवा, आगेइ चोथ आर।
बखांण्या मुख वीर जी सुत्र में सुख सार॥ २॥
त्यांने नेंणां मही निरखीया वीर कह्यो विस्तार।
तिण विन जिन मिलू सामग्री प्रगट्या पांचम आर॥ ३॥
गुण गावे गुणवत गुर तिणा मोख रे मन नहीं भ्रम।
ग्यानीं कह्या गिनाता मझे, तीथकर गोत्र बमाय॥ ४॥
उत्कृष्ट परिणाम सूं, उत्कृष्टी आवे रसांण।
सका म आणो सबया, वीर मुखा री वांण॥ ५॥
तिण काले मे तिण समे दुषम आरा मी बात।
पूज भीखनजी प्रगट्या सुखो साध साख्यात॥ ६॥
सुखी कथा सुखी बारता सुखी सरधा आचार।
सुख सुख आय मुगत म आवागमण निवार॥ ७॥
जनम किहां दिख्या किहां प्रभव पोहता किण ठांम।
कीया चोमासा किण विधे सहुना पिण कहूं नांम॥ ८॥
जस मेहमा घणी जगत म कही कथ्य लग जाय।
पिण थोड़सी प्रगट करु सांभलज्यो चित ल्याय॥ ९॥

ढाल १

[धाज भलो दिन ऊगो भी धीमिन्धर सामी जी नै वाद]

जंबू दीप भरतखेतो जी कांइ देस मुरधर दीपता।
कांइ कांठ कनेर बहवास।
नगर कंटाल्यो नीको जी कांइ वनमज राज करे तिहां।
बसत सघ सोमाय।
साव भीखू सुखदाया जी मन माया मवीयण जीव रे॥ १॥

ज्यों भीखनजी अवतरीया जी कांइ धरीया जननी गर्भ में
उत्तम जीव मपार।
समत सतरेसे बेयासी जी, सुखवासी मंगण उपना
सुपन लह्यो श्रीकार ॥ २ ॥
सीह सुपन माता जी सुखसाता सुत मे जनमीया
हुओ हरख उछाव।
दीपांदे अंग जाता जी कांइ पिता बलूजी सोमता।
कांइ कुल ओसवाल कहाव ॥ ३ ॥
बड साजन कल दीसा जी सकलेसा जात जाणजो
एक परण्या था नार।
घणो नहीं कीयो ग्रहवासो जी कांइ आयो दीसज आदरवो
दीख्या री मन धार ॥ ४ ॥
वरस पचीस आसरे वमीया जी कांइ सघीया चेत सखा हुआ।
आयो भट वेराग।
रूघनाथजी गुरु धरीया जी कांइ किया काची जांणमें
पछे अपनो सोच अथाग ॥ ५ ॥
सुत्र ने सुध वांच्या जी कांइ राच्या ग्यांन रसालसूं
अछा दियो उपयोग।
भगवत मारग भूला जी कांइ झूला छोड संसार में।
नहीं दीसे संजम जोग ॥ ६ ॥
राजनगर में मणता जी कांइ गुणता ग्यांन भलो लह्यो
बरस पनरे षटमास।
सुत्र माहि साचो जी कांइ काचो म्हे पाल्यां अबो
हिवे तोड न्हाखूं मोह पास ॥ ७ ॥
भाव कहे गुरा ने क्रिया जी बीसरीया वीर भाखी अबा,
कांइ चूका समक्त सार।
छाणे सुरत संभाल्मे जी मन वाली मारग मोकलो
पिण उखांरी उठ न हुई सिगार ॥ ८ ॥
अबा पांचमो आरो जी कहे सारो संयम नहीं पले
इत्यादिक कह्या दीग्य बचन अनेक।
पिण गुन न्याय मांहर लीधा जी कांइ धीधा कष्ट हरी परे,
बीर बचन बनाय बमेग ॥ ९ ॥

सात चोमासा आगे जी मन भाग त्यां माहि रह्या
विचलायक समम्रम काज ।
समम रेख्या पूरा जी कांइ पूरा असल आचार सूं,
साम्रुम सिन्धुर राज ॥ १० ॥
भीखनजी मादि विचारी जी कांइ त्यारी जाण तेरे हुआ
करवा आतम काम ।
तेरें श्रावक समाइ पोसा जी कांइ सेहर आर्षाणा में कीया
जठ तेरापंथी दीयो नाम ॥ ११ ॥
समत अठारो सतरो जी कांइ सुथरो समो आयो तिहां
सबलो हुबो सुगाल ।
साधपणो सुध लीयो जी कांइ कीयो कारज केलवे,
प्रमव साहूमो भाल ॥ १२ ॥
पांच देस प्रगटीया जी कांइ गुण रटीया राम नाम ज्यूं,
कांइ कटीया कम करूर ।
पाखंड मोथा पोथा जी कां ग्यांन बले मोट मुनी
मांज कीया मजबूर ॥ १३ ॥
स्वामी ग्यांन करी गुणसागर जी सुध आगर अर्थ मे हेत रा
ओजागर घणा अमोल ।
भांत भांत गुण भरीया जी कांइ तरीया त्यारा भव जीव ने
त्यांरो दीलो वधीयो तोल ॥ १४ ॥
आप भाग्या सुध आराधी जी कांइ गाधी बीर जिणद री
आप असल दीसो अणगार ।
च्यार तीथ सुध थाप्या जी आप्या अणुव्रत माहाव्रत मोटका,
बले आछो ग्यांन अपार ॥ १५ ॥
साध सभा सिणगारी जी गुण भारी भीखू सांम में
कांइ भागी ममत बलाय ।
चतर बबेकी पूरा जी कांइ सूरा धरचा धार्म
मबीयण रे मन भाय ॥ १६ ॥
सांरा मिरे सिंघ भारी जी सुहामी प्रकट आंपने
बले सरल घणा सभाव ।
भारमलजी पाट थापी जी कांइ भापी पदवी आचाय तणी
च्यार तीर्थ चित्त चाव ॥१७ ॥

स्यां भीखनजी भवसरीया जी कांइ भरीया जगणी गम में
उत्तम जीव अपार।
समत सतरेसे बेयासी जी सुखवासी नदण उपना
सुपन लह्यो श्रीकार ॥ २ ॥
सीह सुपन माता जी सुखसाता सुत मे मनमीया
हुओ हरख उछाव।
दीपांदे अंग माता जी कांइ पिता बलूजी सोभता।
कांइ कुल ओसवाल' महाव ॥ ३ ॥
बड़े साजन बले वीसा जी सकलेसा वास जाणजो
एक परण्या था नार।
घणो नहीं कीयो ग्रहवासो जी कांइ आछो सीलज आदर्यो
दीख्या री मन धार ॥ ४ ॥
वरस पचीस आसरे वधीया जी कांइ सधीया चेत सवा हुआ।
आयो घट वैराग।
रुघनाथजी गुरु करीया जी कांइ क्रिया काची जाणनें
पछे अपनो सोच अथाग ॥ ५ ॥
सूत्र ने सुध वांच्या जी कांइ राच्या ग्यांन रसालसूं
ऊंडो दियो उपयोग।
भगवंत मारग भूला जी कांइ झूला छोड संसार नें।
म्हाँ दीसे संजम जोग ॥ ६ ॥
राजनगर में भणतां जी कांइ गुण्यां ग्यांन भलो लह्यो,
बरस पनरे बऊमास।
सूत्र मांहि साखा जी कांइ कायो म्हे पासां अखो
हिवे छोड महान् मोह पास ॥ ७ ॥
भाव कहे गुरां मे क्रिया जी बीसरीया बीर भाखी जका
कांइ चूरा समस्त सार।
छाडो सुरत संभाल्यो जी मन बाल्यो मारग मोखनो
पिण उहोरी उठ न हुई सिमार ॥ ८ ॥
अवाऽ' पांचमो आरा जी कहे सारो संयम नहीं पल
इत्यादिक कह्या दीन्या वचन अनेक।
पिण गुरु न्याय मांडे रोजा जी कांइ थोथा कव्ज नहीं पर
बीर वचन बनाय वसन ॥ ९ ॥

सात चोमासा आगे जी मन भागे त्यां माहि रह्या
　　किंतलायक समम्रयण काज।
सम्म सेवा सूग जी कांइ पूरा असल आचार सुं
　　सामल सिवपुर राज ॥ १० ॥
भीखनजी भवि विचारी जी कांइ त्यारी आण तेरे हुआ
　　करवा आतम काम।
तेरे श्रावक समाइ पोसा जी कांइ सेहर जोधांणा में कीया
　　जठ तेरापंथी दीयो नाम ॥ ११ ॥
समत अठारो सतरे जी कांइ सुधरो समो आयो तिहां
　　सबलो हुवो सुगाल।
साधपणो सुध लीधा जी कांइ कीधो कारज केल्बे,
　　प्रथम साहमो भाल ॥ १२ ॥
पांच देस प्रगटीया जी कांइ गुण रटीया राम नाम ज्यूं,
　　कांइ कटीया कर्म करूर।
पाखंड घोचा पोचा जी कोन्' ग्यांन बले मोटे मुनी
　　भांज कीया मजबूर ॥ १३ ॥
स्वांमी ग्यांन करी गुणसागर जी बुध आगर अर्थ मे हेत रा
　　ओजागर बचा अमोल।
भांत भांत गुण भरीया जी कांइ तरीया त्यारा भवजीव ने
　　त्यांरो तोलो कथीयो तोल ॥ १४ ॥
मास आग्या सुध आराधी जी कांइ गाधी बीर जिणद री,
　　आप असल दीसो अणगार।
च्यार तीथ सुध थाप्या जी आप्या अमृत साहगत मोटका
　　बले आछो ग्यांन अपार ॥ १५ ॥
साध सभा सिणगारी जी गुण भारी भीखू सांम में
　　कांइ भारी भमत बलाय।
चतर बबेकी पूरा जी कांइ सूरा करबा कारजं,
　　भवीयण रे मन भाय ॥ १६ ॥
सांरा सिरे सिख भारी जी सुहाली प्रकत आंणमे
　　बले सरल घणो सभाव।
भारमलजी पाट बासी जी कांइ भारी पदवी आचाय तणी
　　च्यार तीर्थ निस भाव ॥१७॥

दूहा

सांमी मारग साचो लीयो सारण आतम काम।
पिण भारीकर्मा जीवड़ा मक्कीया बोले आंम ॥ १ ॥
कुगुरां ना भरमावीया बोले आल पंपाल।
थोड़ा सा प्रगट करूं सुणजो सुरत संभाल ॥ २ ॥

ढाल २

[धीज करे सीता सती रे लाल]

अ गुरु मे उथापी अल्गा हुआ रे, यांरे दान दया दीधी उथाप रे, मतक जिण।
